GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# मामूली समस्याएं भी जनता दर्शन में क्यों आ रहीं : सीएम

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा तहसील एवं थाना स्तर की शिकायतों के उसी स्तर पर स्थायी समाधान के लिए लगातार निर्देश दिये जाने के बावजूद लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। रविवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में थाने और पुलिस चौकी पर सुनवाई नहीं होने की एक के बाद एक शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी बढ़ गई। उन्होंने मौके पर मौजूद एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु से पूछा कि आखिर थाने और पुलिस चौकियों में मामलों का निस्तारण क्यों नहीं किया जा रहा? यदि वही उनकी समस्याएं सुलझा ली जाती तो न्याय की आस में फरियादियों को जनता दर्शन में आने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

हिन्द सेवाश्रम में मख्यमंत्री ने बारी-बारी से फरियादियों की फरियाद सुनी। गोरखपुर समेत आसपास के जिलों के तकरीबन 100 फरियादी जनता दर्शन में पहुंचे थे। अधिकतर शिकायतें पुलिस द्वारा सुनवाई नहीं किये जाने की थी। कुछ लोगों ने पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न किए जाने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद उसके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने एसएसपी से कहा कि स्थानीय स्तर पर मामलों को निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित कराएं। ऐसा न करने वाले थानाध्यक्षों एवं चौकी इंचार्जो के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तकरीबन 45 मिनट तक मौजूद रहे। इस दौरान मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीएम के विजयेंद्र पांडियन, एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु, सीडीओ इंद्रजीत सिंह, तहसीलदार सदर डा. संजीव दीक्षित समेत कई अफसर मौजूद थे।

**इलाज के लिए जरूर मिलेगी सहायता**

**गोरखपुर।** जनता दर्शन कार्यक्रम में कई फरियादियों ने पैसों के अभाव में इलाज नहीं होने की पीड़ा मुख्यमंत्री से व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एस्टीमेट बनवाकर लाइए ताकि जिलाधिकारी कार्यालय से रिपोर्ट लगा कर उपचार के लिए जरूरी धनराशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में सरकार संवेदनशील है। इस्टीमेट पर आई रकम संबंधित अस्पताल के खाते में उपचार के लिए भेज दी जाएगी।

**मुख्यमंत्री का जनता दर्शन कार्यक्रम**

पुलिस की कार्यशैली को लेकर मुख्यमंत्री ने फिर जताई नाराजगी

शिकायतों का समाधान करने में लापरवाही बरतने वाले थानेदारों पर कार्रवाई का निर्देश



गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी।

# कड़े पहरे में पंचायत सचिव के शव का हुआ अंतिम संस्कार

**गोला में पंचायत सचिव हत्याकांड**

मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर 17 के खिलाफ केस दर्ज

परिजनों ने प्रशासन के सामने रखी पांच मांगें

**ककरही (एसएनबी)।** गोला थाना क्षेत्र के गोपालपुर चौराहे पर शनिवार को दिनदहाड़े हुई ग्राम पंचायत सचिव अनीश चौधरी की हत्या कर दी गयी। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव घर पहुंचा। जहां पर हजारों की भीड़ थी। रविवार की सुबह हत्या को लेकर आक्रोशित परिजनों समेत गांव वालों ने शव दाह से मना कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में तमाम आला अधिकारी उसके घर पहुंच गए। पुलिस-प्रशासन के काफी मन्नौवल के बाद परिजनों की पांच मांगों पर सहमति जताने के बाद अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों समेत पुलिस व पीएसी बल की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच नवली स्थित सरयू घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

गोला इलाके के उनौली गांव निवासी पूर्व प्रधान अनिल कन्नौजिया के छोटे भाई उरूवां ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव अनीश चौधरी शनिवार की सुबह अपने चाचा व सहकर्मी देवी दयाल के साथ गोपालपुर चौराहे पर हार्डवेयर की दुकान पर गये थे। जहां पर उसकी नकाबपोश बदमाशों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्या से आक्रोशित परिजनों ने रविवार की सुबह परिजनों ने शव का दाह संस्कार करने से मना कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु, सीडीओ इंद्रजीत सिंह, एसडीएम राजेंद्र बहादुर व सीओ अंजनी कुमार पांडेय के साथ ही सीओ बांसगांव, चौरीचौरा व खजनी समेत दक्षिणांचल के आधा दर्जन थानों की पुलिस फोर्स व पीएसी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस-प्रशासन ने काफी मान मन्नौवल के बाद परिजनों ने प्रशासन के समक्ष हत्यारों की गिरफ्तारी, परिवार के जान-माल की सुरक्षा, आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी समेत पांच सूत्रीय मांगे रखी। प्रशासन द्वारा मांगो पर सहमति जताने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। चिता को मुखाग्नि मृतक के बड़े भाई पूर्व प्रधान अनिल कन्नौजिया ने दी।

**17 के विरूद्ध केस दर्ज :** मृतक के बड़े भाई पूर्व प्रधान अनिल कन्नौजिया की तहरीर पर मृतक भाई के ससुर नलिन मिश्रा उनके भाई मणिकांत, विनय, अजय, उपेन्द्र तथा सगा साला अभिनव, प्रियंकर, अतुल्य, प्रियांशु, राजेश, राकेश, त्रिलोकी नारायण व संजीव तथा गांव के अभिषेक तिवारी, विवेक तिवारी व सनी सिंह के विरूद्ध धारा 302, 307, 120 बी, 201 व 506 आईपीसी एवं एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही।

**आत्मदाह की परिजनों ने दी चेतावनी**

अनीश की ऑनर किलिंग में हुई हत्या को लेकर उप्र के मुख्यमंत्री, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग, पुलिस महानिदेशक व एडीजी को पत्र भेजकर मृतक के भाई ने हत्यारोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ मामले में न्याय की गुहार लगायी है। परिजनों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे में आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुयी तो वह आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

गोला थानान्तर्गत एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। परिजनों द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना गोला पर उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित को विधिक कार्रवाई किए जाने के साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए आदेशित किया गया है। पुलिस की कई टीमें आरोपितों की तलाश कर रही हैं। जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा। **दिनेश कुमार प्रभु, एसएसपी**

**पुलिस की आठ टीमें हत्यारोपितों की कर रही तलाश :** एसपी क्राइम व एसपी दक्षिणी के निर्देशन में थाना पुलिस की 6 टीमें तथा क्राइम ब्रांच की 2 टीमें हत्यारोपितों की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को उठाया भी है जिनसे पूछताछ की जा रही है।



कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों का घेराव करते ग्रामीण व परिजन, परिजनों से वार्ता करते एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु व मृतक अनीश (इनसेट)। फोटो : एसएनबी


कड़े पहरे में पंचायत स

ककरही (एसएनबी)। गोला थाना क्षेत्र के गोपालपुर चौराहे पर शनिवार को दिनदहाड़े हुई ग्राम पंचायत सचिव अनीश चौधरी की हत्या कर दी गयी। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव घर पहुंचा। जहां पर हजारों की भीड़ थी। रविवार की सुबह हत्या को लेकर आक्रोशित परिजनों समेत गांव वालों ने शव दाह से मना कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में तमाम आला अधिकारी उसके घर पहुंच गए। पुलिस-प्रशासन के काफी मन्नौवल के बाद परिजनों की पांच मांगों पर सहमति जताने के बाद अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों समेत पुलिस व पीएसी बल की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच नवली स्थित सरयू घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

गोला इलाके के उनौली गांव निवासी पूर्व प्रधान अनिल कन्नौजिया के छोटे भाई उरूवां ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव अनीश चौधरी शनिवार की सुबह अपने चाचा व सहकर्मी देवी दयाल के साथ गोपालपुर चौराहे पर हार्डवेयर की दुकान पर गये थे। जहां पर उसकी नकाबपोश बदमाशों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्या से आक्रोशित परिजनों ने रविवार की सुबह परिजनों ने शव का दाह संस्कार करने से मना कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु, सीडीओ इंद्रजीत सिंह, एसडीएम राजेंद्र बहादुर व सीओ अंजनी कुमार पांडेय के साथ ही सीओ बांसगांव, चौरीचौरा व खजनी समेत दक्षिणांचल के आधा दर्ज थानों की पुलिस फोर्स व पीएसी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस-प्रशासन ने काफी मान मन्नौवल के बाद परिजन ने प्रशासन के समक्ष हत्यारों की गि माल की सुरक्षा, आर्थिक सहायता, सूत्रीय मांगे रखी। प्रशासन द्वारा मांगो शव का अंतिम संस्कार किया गया





कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों का घेराव करते

# विभिन्न मामलों में पांच आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले की पुलिस ने विभिन्न मामलों में आरोपित पांच को गिरफ्तार किया। पुलिस उन्हें विभिन्न धाराओं में कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कैंट पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित आरोपित को चोरी के सामानों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद पासवान पुत्र मोतीलाल निवासी रामपुर सोहरवना थाना हाटा कोतवाली जनपद कुशीनगर वताया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी की एक वाइक, तीन मास्टर पेचकस, एक वायर कटर व एक मोवाइल वरामद किया। आरोपित को पुलिस ने आईपीसी की धारा 411,413,307 के तहत कोर्ट में पेश किया। इसी क्रम में कैंट थाने की पुलिस ने राज शुक्ला पुत्र रामनाथ शुक्ला निवासी जीतपुर नन्दानगर थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक समरसेवुल पम्प, पिलास व रिन्च वरामद किया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 411 के तहत कोर्ट में पेश किया। इसी क्रम में गुलरिहा पुलिस ने लोक सेवक को अपने कर्तव्य के निर्वहन से भयाक्रांत करने के लिए हमला के आरोप में अखिलेश कुमार गुप्ता पुत्र रामभजन गुप्ता निवासी पिपरी टोला जमुनहवा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 147, 148, 336, 353, 332, 506, 427 भादवि व 7 सीएलए एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया। इसी क्रम में शाहपुर पुलिस ने नाजायज चाकू के साथ राकेश गुप्तार पुत्र अनन्तलाल निवासी चन्द्रगुप्त नगर थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। आरोपित को पुलिस ने 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया ।

**एक पर चोरी के दौरान हत्या के प्रयास का भी है आरोप**

Hindustan3.webp

## अपहरण के आरोपित के घर कुर्की का नोटिस

**गोरखपुर।** कोतवाली पुलिस ने रविवार को कोर्ट के आदेश पर किशोरी से छेड़खानी और अपहरण के आरोपितों के घर कुर्की की नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने जल्द कोर्ट में हाजिर न होने पर सम्पत्ति जब्त करने की चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के छोटे काजीपुर के माली टोला निवासी मोहम्मद सैफ, फरहान शेख, अहमद, रेहान, साहिल, मोहसिन सेम, शाहरूख शेख के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। कोर्ट ने आरोपितों के हाजिर न होने पर कुर्की का नोटिस चस्पा करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया थी। रविवार को आरोपितों के घर पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

Hindustan1.webp

# मुठभेड़ : बदमाश के पैर में लगी गोली

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शनिवार की रात में खोराबार इलाके में रामनगर कडजहां के पास पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे बदमाश को पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगी है। वहीं उसका एक साथी फरार हो गया। घायल बदमाश को पुलिसवालों ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। पकड़ा गया बदमाश मिथुन पासवान गैंग से जुड़ा है। वह देवरिया के गौरीबाजार थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।



**मिथुन गैंग से जुड़ा है आरोपित धर्मदेव यादव, गौरीबाजार का है हिस्ट्रीशीटर**

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि बदमाश की पहचान देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के गौरी बुजुर्ग गांव निवासी धर्मदेव यादव के रूप में हुई है। धर्मदेव यादव चौरीचौरा इलाके के रहने वाले मिथुन पासवान गैंग का सक्रिय सदस्य है। धर्मदेव पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। खोराबार इलाके में छह जून को हुई दिव्या दुबे हत्याकांड में भी वह दिव्या के चचेरे भाई के साथ शामिल था। रविवार की रात में बदमाशों की चेकिंग के दौरान बाइक सवार संदिग्ध युवकों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। इंस्पेक्टर खोराबार राहुल सिंह और क्राइम ब्रांच टीम के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज रामनगर कडजहां चंदन सिंह, बेलवार चौकी प्रभारी शैलेन्द्र मिश्र, इंजीनियरिंग कालेज चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह की टीम ने बदमाशों का पीछा करते हुए जवाबी कार्रवाई की जिसमें धर्मदेव के पैर में गोली लगी और वह बाइक सहित गिर गया जबकि बाइक के पीछे बैठा उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इंस्पेक्टर खोराबार राहुल सिंह ने बताया कि धर्मदेव के पास से पल्सर बाइक और डीबीएल गन बरामद हुई है। उसके साथी की तलाश की जा रही है।

# मुठभेड़ में मिथुन गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, खोराबार :** रामनगर कड़जहां में फोरलेन पर रविवार की रात 11 बजे मिथुन गैंग के बदमाश धर्मदेव व उसके साथी ने खोराबार पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में धर्मदेव के बाएं पैर में गोली लग गई। उसका साथी चकमा देकर फरार हो गया। घायल बदमाश के कब्जे से दो नाली बंदूक और बाइक मिली है। देवरिया जिले का रहने वाला बदमाश गौरीबाजार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। दिव्या दूबे हत्याकांड में उसकी तलाश चल रही थी।



मुठभेड़ में घायल बदमाश ● सौ. पुलिस

## कार्रवाई

- धर्मदेव के पैर में लगी गोली एक साथी पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार, देर रात तक चली तलाश
- दिव्या दूबे हत्याकांड में वांछित था देवरिया, गौरी बाजार का रहने वाला बदमाश

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि रविवार की रात में खोराबार थानेदार को सूचना मिली थी कि धर्मदेव यादव साथी संग बाइक से लखनऊ की तरफ जा रहा है। सूचना के आधार पर थानेदार ने रामनगर कड़जहा चौकी प्रभारी चंदन सिंह, बेलवार चौकी प्रभारी शैलेन्द्र मिश्र के साथ रामनगर कड़जहां में फोरलेन पर उसे घेर लिया। धर्मदेव और उसके साथी पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी और वह बाइक सहित गिर पड़ा। बाइक पर पीछे बैठा धर्मदेव का साथी फरार हो गया। बदमाश को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के गौरी बुजुर्ग गांव निवासी धर्मदेव यादव चौरी चौरा इलाके के रहने वाले मिथुन पासवान गैंग का सक्रिय सदस्य है। उसके खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश, लूट, गुंडा एक्ट के कई केस दर्ज हैं। खोराबार गांव में छह जून को हुई दिव्या दूबे हत्याकांड का मुख्य आरोपित है। दिव्या के भाई संग मिलकर उसने वारदात को अंजाम दिया था।

**बेंगलुरु में की थी दोस्त की हत्या :** पुलिस का दावा है कि दिव्या दूबे हत्याकांड के आरोपित धर्मदेव यादव पर बेंगलुरु में भी हत्या का केस दर्ज है। अपने दोस्त की हत्या करके फरार हो गया था। बेंगलुरु पुलिस भी उसकी तलाश में थी।

# पता चल जाएगा कहां हो रही चेकिंग

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** शहर में किस स्थान पर चेकिंग हो रही है, इसकी जानकारी अधिकारियों को आफिस में बैठे ही हो जाएगी। एसपी सिटी ने इसके लिए पुलिस बैरियर चेकिंग एप तैयार कराया है। सभी थानेदारों व चौकी प्रभारियों के मोबाइल में एप डाउनलोड कराया गया है। इसे आन करते ही उनका लोकेशन अधिकारियों को दिखने लगेगा। शहर में चेकिंग के लिए 48 प्वाइंट बनाए गए हैं।

कोरोना संक्रमण के दौरान यह 48 बैरियर बनाए गए थे। सभी जगहों पर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगती थी। इसके अलावा कई अन्य जगहों को चेकिंग के लिए चिह्नित किया गया है, जहां पर थाना व चौकी प्रभारी नियमित ढंग से चेकिंग करते हैं।

अब प्रभावी चेकिंग के लिए एसपी सिटी ने यह एप तैयार कराया है। पुलिस लाइन में बैठक कर संबंधित लोगों को इसके उपयोग करने का तरीका बता दिया गया है। चेकिंग की फोटो जैसे ही एप पर पुलिसकर्मी अपलोड करेंगे अधिकारियों को पता चल जाएगा कि कौन किस स्थान पर मौजूद है। पहले एक साथ सभी 48 स्थानों पर चेकिंग करने का आदेश होने पर कई लोग बैरियर पर पहुंचते ही नहीं थे।

## बढ़ेगी सख्ती

- एसपी सिटी ने तैयार कराया पुलिस बैरियर चेकिंग एप
- 48 स्थानों पर होगी चेकिंग पुलिसकर्मी नहीं बोल पाएंगे झूठ
- प्रयोग सफल रहा तो जोन में शुरू होगी व्यवस्था

वाट्सएप ग्रुप पर चेकिंग की पुरानी फोटो डाल देते थे। क्या-क्या कार्रवाई हुई इसकी भी जानकारी अधिकारियों को नहीं हो पाती थी।

प्रयोग अगर सफल रहा तो इस व्यवस्था को पूरे जोन में शुरू कराया जाएगा। एसएसपी के साथ ही एडीजी जोन कार्यालय से इसकी मानिटरिंग हो रही है।

## एप में है यह सुविधा

- किस स्थान पर चेकिंग हो रही है उसकी जानकारी मिल जाएगी।
- किस बैरियर पर कितने वाहन रोके गए, किसको रोका गया यह जानकारी पा सकेंगे
- जीपीएस मैपिंग होने से कोई झूठ नहीं बोल पाएगा।
- वाट्सएप पर सूचना फोटो भेजने की बजाय पुलिस कर्मी एप का इस्तेमाल करेंगे।



"पुलिस बैरियर चेकिंग एप के जरिए शहर में 48 स्थानों पर चेकिंग शुरू हो गयी है। इसकी मदद से आफिस में बैठे ही पता चल जाता है कि किस स्थान पर चेकिंग हो रही है और क्या कार्रवाई हुई।

**सोनम कुमार**, एसपी सिटी

# थानों पर क्यों नहीं हो रहा समस्या निस्तारण ?

## जनता दर्शन में फरियादियों से पुलिस की शिकायत सुन फिर बिफरे मुख्यमंत्री

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में अपनी कार्य प्रणाली को लेकर पुलिस एक बार फिर निशाने पर रही। थानों और पुलिस चौकियों पर मामलों का निस्तारण न होने से न्याय की आस लेकर जनता दर्शन में पहुंचे लोगों की समस्या सुनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसएसपी को खूब खरी-खरी सुनाई।

सवालिया लहजे में मुख्यमंत्री ने एसएसपी से कहा कि आखिर पुलिस क्या कर रही है, जो लोगों को जनता दर्शन तक आने की जरूरत पड़ रही है। यदि उनके मामले का निस्तारण थानों और पुलिस चौकियों पर हो जाता तो छोटे-छोटे काम के लिए उन्हें मुख्यमंत्री तक पहुंचने की जरूरत नहीं पड़ती।

मुख्यमंत्री ने एसएसपी से कहा कि वह मामले का स्थानीय स्तर पर निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित करें। हीला-हवाली करने वाले थानाध्यक्षों और चौकी इंचार्जों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। दरअसल पुलिस की कार्य प्रणाली पर मुख्यमंत्री नाराज इसलिए हो गए क्योंकि फरियादियों में अधिक संख्या उनकी थी, जो स्थानीय स्तर पर पुलिस द्वारा मामले का संज्ञान न लेने की शिकायत लेकर आए थे। कुछ लोगों की शिकायत मुकदमा दर्ज न होने को लेकर थी, तो कुछ कार्रवाई न होने की शिकायत लेकर आए थे। मंदिर प्रबंधन की मुताबिक मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों की समस्या सुनीं, जिसमें से 50 फीसद से अधिक मामले पुलिस की लापरवाही और मनमानी रवैये के थे। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में करीब 45 मिनट तक रहे।



जनता दर्शन में समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौ.गोरखनाथ मंदिर

### परंपरागत रही मुख्यमंत्री की दिनचर्या

रविवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री की दिनचर्या परंपरागत रही। तड़के पांच बजे उन्होंने सबसे पहले बाबा गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई और उनकी पूजा-अर्चना की। उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण करने के बाद वह गोशाला में गए और आधे घंटे गायों के बीच रहे। उन्हें दुलारा-पुचकारा और अपने हाथ से गुड़-चना खिलाया।

यहां से हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में गए, जहां तड़के से अपनी समस्या बताने के लिए गोरखपुर और उसके आसपास के जिलों के फरियादी पहुंचे हुए थे। 10:30 बजे मुख्यमंत्री सिद्धार्थनगर के लिए रवाना हो गए।

### कागज की औपचारिकता पूरी करें, बीमारी के इलाज के लिए मिलेगा सहयोग

जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में मदद की मांग लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि कि अगर वह मदद के मानक के दायरे में आते हैं, तो मदद जरूर की जाएगी। इसके लिए उन्हें कागज की औपचारिकता पूरी करनी होगी। औपचारिकता पूरी होते ही इलाज की रकम अस्पताल के खाते में भेज दी जाएगी।

# हत्या का आरोपित गैंगस्टर धर्म देव मुठभेड़ में घायल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** खोराबार इलाके के रामनगर कड़जहां फोरलेन पर जंगल चौरी के पास रविवार देर रात 11:15 बजे के करीब पुलिस टीम पर फायरिंग कर भाग रहे गैंगस्टर व हत्यारोपित धर्म देव यादव पुलिस की गोली से घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी है। अंधेरे का फायदा उठाकर उसका साथी फरार हो गया।

धर्म देव खोराबार के पोखरा टोला की दिव्या दुबे की हत्या का आरोपित है। उसकी तलाश में पुलिस टीम काफी दिनों से थी। पुलिस ने आरोपित के पास से डबल बैरल बंदूक और बाइक बरामद की है। उसके फरार साथी की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। देवरिया के गौरीबाजार के गौरी बुजुर्ग गांव निवासी बदमाश धर्म देव को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के मुताबिक, रविवार देर रात करीब 11:15 बजे बदमाशों के आने की सूचना पर खोराबार पुलिस और क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर दी। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो बदमाशों को देख जैसे ही पुलिस ने रुकने का इशारा किया, उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में धर्मदेव के पैर में गोली लग गई।

धर्म देव पर आठ से ज्यादा गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वह चौरीचौरा पुलिस पर हमला करने के आरोपित मिथुन गैंग का सक्रिय गुर्गा बताया जा रहा है। धर्म देव छह जून को खोराबार इलाके के पोखरा टोले में 6 जून 2021 को हुए दिव्या हत्याकांड में भी शामिल था। कुछ साल पहले धर्म देव ने बंगलूरू में अपने दोस्त की हत्या कर दी थी और फरार हो गया। उसके खिलाफ वहां भी मुकदमा दर्ज है, जिसमें वह वांछित चल रहा है। एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने बताया कि पुलिस टीम पर फायरिंग कर भाग रहे बदमाश धर्म देव को जवाबी कार्रवाई में गोली लगी है। धर्म देव हत्या के मामले में वांछित था।

**खोराबार के रामनगर कड़जहां के पास हुई मुठभेड़, डबल बैरल बंदूक बरामद**



मुठभेड़ में घायल धर्म देव।



# लेखपाल पर हमले का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गुलरिहा इलाके के पिपरी के जमुनहवा टोला में 12 जुलाई को लेखपाल संदीप पर हमला करने के आरोपित अखिलेश कुमार गुप्ता को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, लेखपाल संदीप कुमार की तहरीर पर 23 नामजद और 15 अज्ञात ग्रामीणों पर केस दर्ज किया था। तहरीर में लेखपाल ने लिखा था कि 12 जुलाई की शाम करीब चार बजे राजस्व टीम विवादित भूमि की पैमाइश करने गई थी, इसी दौरान हमला किया गया था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश में थी। एक सूचना पर रविवार को अखिलेश को गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो

# सड़क हादसों में दो की मौत

**गोरखपुर।** अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। झंगहा प्रतिनिधि के मुताबिक, बरगदवां गांव के पास शनिवार की शाम करीब सात बजे 28 वर्षीय शिवानंद को विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने ठोकर मार दी।

गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शनिवार को देर रात उनकी मौत हो गई। पिपराइच प्रतिनिधि के मुताबिक, मोगलपुरा रोड पर रविवार की शाम एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया जिसमें उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनवे गोनरहां निवासी 19 वर्षिय कपिल कन्नौजिया के रूप में हुई है। ब्यूरो



हिंदू सेवाश्रम में सीएम ने लोगों की समस्याएं सुनीं। अमर उजाला

# पीड़ितों की न सुनने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करें : योगी

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दरबार लगाया। हिंदू सेवाश्रम में 550 से ज्यादा फरियादी आए। मुख्यमंत्री ने एक-एक फरियादी को सुना और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है।

जनता दरबार में ज्यादातर मामले पुलिस से जुड़े आए थे। इस पर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई और एसएसपी से कहा कि थाना, चौकी पर ही समस्या के समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। ऐसा न करने वाले थाना या फिर चौकी प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। छोटे मामले जनता दरबार तक आएंगे तो पीड़ितों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पीड़ित की सुनवाई प्राथमिकता पर होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया, फिर गो-शाला जाकर गायों को गुड़ व चना खिलाया। गोरखनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। इसके बाद जनता दरबार में पहुंच गए। मुख्यमंत्री के सामने ज्यादातर मामले जमीन विवाद से जुड़े आए। कई ऐसे मामले थे, जहां पुलिस पर प्रताड़ित करने के आरोप भी लगे।

पिपराइच में 12 जुलाई को दुकानदार बृजेश विश्वकर्मा की हत्या और आरोपितों की गिरफ्तारी का मामला भी आया था। एक प्रिंसिपल पर हमले व एक महिला से दुष्कर्म की शिकायत की गई थी। इसपर मुख्यमंत्री ने एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु से जानकारी ली है। एसएसपी ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। प्रिंसिपल से मारपीट के मामले में कार्रवाई की जा रही है।

पिपराइच हत्याकांड में नामजदों के अलावा कुछ और लोगों के नाम आए हैं। गहनता से जांच जारी है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्ती बरतें। पीड़ित का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। हर फरियादी की बात गंभीरता से सुनी जाए। गहनता से जांच कराके फैसला लिया जाए ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। मुख्यमंत्री के साथ ही विशेष कार्याधिकारी मोतीलाल सिंह ने भी फरियादियों से प्रार्थना पत्र प्राप्त किया।

## मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में लगाया जनता दरबार

### पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप

***कुशीनगर*** *की इंदुमति त्रिपाठी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना था कि एक व्यक्ति की शह पर पुलिस ने पति को थाने ले जाकर प्रताड़ित किया है। व्यक्ति मकान पर कब्जा करना चाहता है। पुलिस के पास मामला पहुंचा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।*

### इलाज के लिए मांगी मदद

***सदर*** *तहसील के ग्राम ठाकुरपुर नंबर एक निवासी दिनेश ने कैंसर के इलाज के लिए विवेकाधीन कोष से धनराशि दिलाने की मांग की है। दिनेश का इलाज बीएचयू से हो रहा है। इलाज के लिए साठ हजार रुपये की आवश्यकता है। यदि धनराशि की व्यवस्था हो जाए तो उसका इलाज हो जाएगा।*

DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

अमर उजाला दि. 26/7/21

# माफिया से जुड़े लोगों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

## बिहार के कुख्यात मुन्ना की गिरफ्तारी के बाद पुलिस हुई सतर्क

संवाद न्यूज एजेंसी

**बघौचघाट।** बिहार के कुख्यात इनामी बदमाश मुन्ना मिश्र के बघौचघाट थाना क्षेत्र से गिरफ्तारी के बाद जनपद की पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस के रडार पर बदमाश को शरण देने वाले भी हैं। उनके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। अब यूपी पुलिस इस बात पर सतर्क है कि मुन्ना के तरह से अन्य अपराधी भी यहां पर अपना ठिकाना बना छिपे हो सकते है। दो दशकों से सक्रिय इस अपराधी की गिरफ्तार के बाद पुलिस भी हैरान है। क्योंकि इसके बारे में भनक तक नहीं लगी थी।

बघौचघाट कस्बे में स्थित पेट्रोल पंप के पास से 20 वर्ष पूर्व बिहार के अपराधियों ने किसन लाल सेठ का अपहरण कर लिया गया। लोग बताते हैं कि उस समय भी देवरिया के गांवों में रहने वाले बिहारी अपराधियों ने ही इसकी रेकी की थी। इधर, मुन्ना की गिरफ्तारी के बाद लोग भी दहशत में हैं बाहर से आकर यूपी की गांवों में रहने वाले लोगों को अब यहां के लोग शक की नजरों से देख रहे है। रविवार को बघौचघाट की सतर्क पुलिस ने उन स्थानों पर जाकर जांच किया। जहां मुन्ना के रहने की खबर मिली है।रामपुर महुआबारी चौराहे पर जहां मुन्ना की परचून की दुकान थी। वहां भी जाकर पुलिस ने मकान मालिक और पड़ोसियों से पूछताछ की।थानां क्षेत्र में मझौवा गांव पर यूपी और बिहार पुलिस की खास नजर है। जहां मुन्ना के कुछ दिन रहने की खबर है। इसके अलावा जिला मुख्यालय पर भी उसके कई लोगों से संबंध है। जिनके पास उसका रहना होता था।अब गंभीर होकर देवरिया पुलिस कुछ दिन से बाहर से आकर रहने वाले नए चेहरों पर नजर बनाए रखी है।वैसे मुन्ना की गिरफ्तारी के बाद अब यूपी के लोग बाहरी लोगों को मकान और दुकान भी किराए पर देने से डर रहे हैं। एसओ नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि उसके ठिकानों की जांच की जाएगी। दुकान के बारे में पड़ताल की जा रही है।

**दुकान के बारे में की जा रही पड़ताल, ठिकानों की जांच की जाएगी : पुलिस**

अमर उजाला दि. 26/7/21

# हरियाणा में मिली किशोरी, परिजनों का इंतजार

**देवरिया।** खुद को बरियारपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर कला निवासी बताने वाली एक किशोरी अंबाला में है। पुलिस ने उसे एक शेल्टर होम में रखवाया है। किशोरी का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर अपलोड कर परिजनों से मिलाने की गुहार लगाई गई है। यमुना नगर जनपद में स्थित आश्रय दा आश्रय में पुलिस के सहयोग से पहुंची किशोरी ने अपना नाम मंजू पिता का नाम रामभले और मां का नाम सोनिया बताई है। खुद को विशुनपुरा कला चौराहा निवासी बता रही है। अचेतावस्था में पुलिस को मिली किशोरी के बारे में पता चला है कि वह काफी दिनों से भटक कर ट्रेन से से वहां पहुंच गई। इसके बाद परिजनों से उसका संपर्क नहीं हो सका है। इसके चलते कई सालों से भटक रही है। इस मामले की जानकारी हरियाणा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक को दी है। स्थानीय पुलिस किशोरी के बारे में जानकारी जुटा रही है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# प्रधान के भाई के घर से डेढ़ पेटी शराब बमराद

**विशुनपुरा।** जटहा बाजार पुलिस ने रविवार को सोनवल में छापे मारी की, जिसमें प्रधान के भाई के घर से डेढ़ पेटी अवैध देशी शराब बरामद की गयी। इसके साथ युवक को गिरफ्तार किया गया है। रविवार की शाम पुलिस को सूचना मिला की सोनवल गांव में एक युवक के घर अवैध शराब काफी मात्रा में रखी गयी है। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद अपने हमराहियों के साथ युवक के घर छापामारी की। वहां डेढ़ पेटी शराब बरामद हुई। इसके साथ ही युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुलिस-जनता संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**समउर बाजार।** समउर बाजार में युवा जागरण चेरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से पुलिस-जनता सहयोग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा नेता राधेश्याम पांडेय ने कहा कि जैसे परिवार को मजबूत करने के लिए संस्कार व अनुशासन की जरूरत होती है, वैसे ही समाज व देश की मजबूती के लिए कानून का सहयोग व न्याय पर भरोसा करने की जरूरत है। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष केशव पांडेय, दिवाकर मणि त्रिपाठी, एसओ सुनील कुमार सिंह, दीपक सिंह, राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# पुलिस व जनसहयोग से रुकेगा अपराध

**जासं, सम्मउर बाजार :** समाज व देश की मजबूती के लिए कानून का सहयोग करने की जरूरत है। यह तभी संभव है जब जनता व पुलिस एक दूसरे का सहयोग करें। आपसी सहयोग से ही अपराध रुकेगा।

यह बातें भाजपा नेता राधेश्याम पांडेय ने कहीं। वह बिहार खुर्द में एक ट्रस्ट की ओर से आयोजित पुलिस जनता सहयोग संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष केशव पांडेय ने कहा कि पुलिस द्वारा कभी-कभी उत्पीड़न की भी बात सामने आती है। दिवाकर मणि त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किए।

# सुधार गृह भेजे गए दो बाल अपचारी

**कप्तानगंज:** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दो बाल अपचारियों को रविवार को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि शनिवार की शाम दोनों ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी की मां ने थाने में तहरीर दी थी।

# मुकदमा दर्ज कराने के लिए एसपी से लगाई गुहार

**बरवापट्टी :** बरवापट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी व्यक्ति ने एसपी को शिकायत पत्र सौंपा कहा है कि उसकी नाबालिग लड़की को गांव का ही एक लड़का बीते 20 मार्च को भगा ले गया। पुलिस को तहरीर दी गई है लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि हल्का इंचार्ज युवक को पकड़कर थाने पर ले गए, लेकिन उसे छोड़ दिया। एसएचओ सुरेशचन्द्र राव ने कहा कि लड़की की तलाश की जा रही है। (जासं.)

# युवती की तहरीर पर दो युवकों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया के बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में मौसी के घर गई थी युवती**

**13 जुलाई को दो युवकों पर युवती का अपहरण करने का आरोप**

**पटहेरवा (कुशीनगर)।** देवरिया जिले के बघौचघाट थाना क्षेत्र एक गांव में मौसी के घर गई एक युवती ने रविवार को पटहेरवा पुलिस को तहरीर दी। युवती ने दो युवकों पर अपहरण करने और किसी अनजान स्थान पर दो दिनों तक रखने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धमकी देने और अपहरण समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

युवती के मुताबिक वह देवरिया जिले के बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी मौसी के घर गई थी। 13 जुलाई सुबह दो युवक बुलाए और घर छोड़ने की बात कहते हुए बाइक पर बैठा लिए। इसके बाद युवकों ने उसके भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी आंख पर पट्टी बांध दिया। अपने साथ खिंचवाए गए फोटो को वायरल करने की धमकी देते हुए किसी अनजान स्थान पर ले गए। बीते 17 जुलाई शाम मामा के गांव में छोड़कर भाग गए। इस संबंध में पटहेरवा थाने के एसओ सुनील सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना बघौचघाट थाना क्षेत्र की है। इसलिए विवेचना देवरिया जिले की पुलिस करेगी।

# मोबाइल चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कठकुइयां।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के पिपरा जटामपुर निवासी दो व्यक्तियों को मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। एसओ उमेश कुमार ने बताया कि सूचना पर क्षेत्र के पिपरा जटामपुर निवासी असगर अली (45) व राजकुमार खरवार (25) को मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस ने रविवार की दोपहर में गांव के पोखरे के पास से गिरफ्तार किया है। संवाद

# सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** एआरटीओ और यातायात पुलिस की तरफ से रविवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। यात्री कर अधिकारी राजकुमार ने कहा कि वाहन चलाते समय सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का शतप्रतिशत पालन करना चाहिए।

वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करने पर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इसलिए वाहन चलाते समय किसी भी दशा में मोबाइल का प्रयोग न करें। इसके बाद एआरटीओ और यातायात पुलिस की तरफ से जिला मुख्यालय, कसया, हाटा, सलेमगढ़ आदि स्थानों पर वाहनों की जांच कर चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया।

इस दौरान टीएसआई परमहंस, राजीव सिंह, हर्षवर्धन राज सिंह, मुख्तार, राजकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पेट्रोलपंप के सुपरवाइजर से छीनी गई बाइक बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**डिबनी बंजरवा।** शनिवार की रात तरयासुजान थाना क्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग गांव के मंझरिया टोला के निकट स्थित पेट्रोलपंप के सुपरवाइजर पर चाकू से हमला कर छीनी गई बाइक को पुलिस ने शनिवार की देर रात बरामद कर लिया। पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की तलाश में लगी हुई है।

शनिवार की रात फोरलेन स्थित माधोपुर बुजुर्ग टोला मंझरिया स्थित पेट्रोल पंप के सुपरवाइजर करन भारती की छीनी गई बाइक देर रात लतवा बाजार में बड़ी गंडक नहर के पास लावारिस हालत में मिली। तरयासुजान थाने की पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि फोरलेन के आस-पास अपराधियों का गिरोह सक्रिय है जो इस तरह की अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। तरयासुजान थाने के एसओ कपिलदेव चौधरी का कहना था कि ऐसे किसी भी गिरोह को पनपने नहीं दिया जाएगा।

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# संवाद दिवस में चर्चा

**चौक बाजार (एसएनबी)।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में संवाद दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही बीट प्रभारियों से समस्याओं के बारे में चर्चाकी गयी। इस दौरान थानाध्यक्ष ने बीट प्रभारियों से बीट के बारे में जानकारी ली। उप निरीक्षकों से विवेचना, बूथ पुलिसिंग, अपराध दस्तक, आपरेशन तमंचा सहित तमाम बिंदुओं पर गहनता से जानकारी दी। साथ ही थाने के सभी बीट प्रभारियों सहित सभी कर्मचारियों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। संवाद कार्यक्रम में किसी भी कर्मचारी व अधिकारी के पास से कोई समस्या नहीं आयी। इस दौरान उप निरीक्षक समेत समस्त आरक्षी व महिला आरक्षी मौजूद रहीं।

# थानाध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**चौक बाजार (एसएनबी)।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को थानाध्यक्ष से साझा किया। इस दौरान थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने कहा कि व्यापारी आपराधिक गतिविियों पर नजर रखने के लिए दुकानों में सीसीटीवी कैमरों को लगवायें। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि जिन व्यापारियों को बैंक में अधिक रुपये पैसे जमा करना हो तो बेहिचक पुलिस की सहयोग ले सकते है। इससे व्यापारियों को सुरक्षा मिलेगा व सही सलामत उनके पैसे भी बैंक में जमा हो जायेगें। थानाध्यक्ष की बात पर लोगों ने अपनी सहमति जतायी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष परशुराम जायसवाल, भुलेंद्र मद्धेशिया, मुन्ना पटेल, सुधीर जायसवाल, राजकिशोर जायसवाल, सत्यम जायसवाल, चन्द्रशेखर यादव, बद्री प्रसाद, नीरज अजय, दीनानाथ, संजय गुप्ता व मेवालाल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# नवागत प्रभारी निरीक्षक सम्मानित

**पनियरा (एसएनबी)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई पनियरा केअध्यक्ष राजेश्वर मद्धेशिया के नेतृत्व में नवागत प्रभारी निरीक्षक थाना- पनियरा हरेन्द्र कुमार मिश्र का स्वागत अंग वस्त्र ओढ़ाकर तथा मिठाई खिलाकर किया गया। इस अवसर नवागत प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में अमन और शांति बनाये रखने के लिए व्यापारियों के सहयोग की अहम भूमिका होती है। उन्होनें यह भी कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिये वैधानिक



रूप से उनके साथ हैं। इस स्वागत समारोह में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक विजय यादव, अभा उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री दिलीप कसौधन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पप्पू कनौजिया , महामंत्री अजय जायसवाल , कोषाध्यक्ष अमित जायसवाल , उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मौर्य, अशोक जायसवाल , मंत्री अजय वर्मा , गौतम गुप्ता , धर्मेंद्र जायसवाल, राजेश गुप्ता , संगठन मंत्री मनोज कसौधन, कृष्णा जायसवाल, संयुक्त मंत्री राजेंद्र चौरसिया, मीडिया प्रभारी भोला जायसवाल एवं कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# शमन शुल्क वसूला

**महराजगंज।**

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 152 वाहनों का चालान किया गया । इस दौरान 1 वाहन से1000 ₹ शमन शुल्क वसूल किया गया। इसी क्रम में मास्क न लगाने वाले2 व्यक्तियों से 2000 हजार रुपया शमन शुल्क वसूल किया गया । **शांतिभंग की आशंका में 18 गिरफ्तार** : जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखनेके लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका में कुल 18 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया।

## 30 लीटर कच्ची शराब बरामद

**महराजगंज**। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 6 व्यक्तियों केकब्जे से 30 लीटर व 119 शीशी नेपली शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# 48 बोटा सागौन बरामद, दो गिरफ्तार

**निचलौल (एसएनबी)।** सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के निचलौल व मधवलिया रेंज क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर वनकर्मियों की टीम ने आज 48 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद किया। टीम ने मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया है। रेंज अधिकारी जगरनाथ प्रसाद ने बताया कि मधवलिया वन क्षेत्र के दमकी ग्राम से बगैर परमिट के काटे गये सागौन के पेड़ को निचलौल में कृष्णा नगर वार्ड में छिपा कर रखा गया था। मुखबिर की सूचना पर छापा मारकर मौके से 18 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की गयी है। मौके से रंजीत निवासी खोन्हौली को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में निचलौल वन क्षेत्र के छितौनी पुल के निकट एक ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी 30 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद किया गया है। मौके से टैक्टर चालक ईश्वर निवासी मंगलापुर थाना कोठीभार को गिरफ्तार भी किया गया है। चालक ने पूछताछ में बताया है कि खेसरारी ग्राम से बगैर परमिट काटे गये सागौन की लकड़ी को छितौनी की तरफ ले जा रहे थे। रेंजर ने बताया कि बरामद लकड़ी व गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ केस काट कर कार्रवाई की जा रही है।

# स्वरक्षा अभियान की कार्यशाला आयोजित

**नौतनवां (एसएनबी)।** स्थानीय थाना परिसर में स्वरक्षा अभियान के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के लिए शासन द्वारा उठाये जाने वाले कदमों के बारे में नागरिकों,पुलिस अधिकारियों व अन्य निकायों को जागरूक करना था। कार्यशाला में वक्ताओं ने सभी से यह अपील की कि वह जहां भी रहें महिलाओं के उत्पीड़न से सम्बंधित मामलों में उनके साथ सहानुभूति बरतते हुए उनका हर सम्भव सहयोग करें। कार्यशाला में समन्वयक रेलवे चाइल्ड लाइन गोरखपुर मैथ्यू काउंसलर शालिनी श्रीवास्तव, श्रवण कुमार,कृष्ण कुमार, सुनील, अंकित, पुष्पा, निजामुद्दीन, अंशु,कल्पना द्विवेदी, गरिमा सिंह,कमलेश कुमारी,सोनी आदि मौजूद रहीं।

# छापेमारी में शराब बरामद

**नौतनवां (एसएनबी)।** बीती देर रात पुलिस व आबकारी महकमे द्वारा संयुक्त रूप से की गयी छापेमारी में भारी मात्रा में विभिन्न किस्म की शराब बरामद की गयी। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक नौतनवा राजेश कुमार पांडेय ने दी। कोतवाल श्री पांडेय ने बताया कि मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी निरीक्षक संदीपनाथ त्रिपाठी,उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार यादव ने अपने हमराहियों के साथ नौतनवा ठूठीबारी मार्ग स्थित मंडी स्थल के गेट के समीप एक दुकान पर छापेमारी की। उक्त दुकान के बारे में कोतवाल श्री पांडेय ने बताया कि उसका मालिक बंटी सरदार है। छापेमारी के दौरान आरोपित मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। इस कार्यवाही में पुलिस को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतलें मिली। पुलिस ने बरामद शराब को सीजकर इस मामले में आबकारी अधिनियम 60(1) व 63 के तहत विधिक कार्यवाही की।

# चार टन बैट्री का कबाड़ बरामद, दो गिरफ्तार

**ठूठीबारी (एसएनबी)।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 22वीं वाहिनी एसएसबी बीओपी ठूठीबारी ने गश्त के दौरान नो मैंस लैंड के पीलर संख्या 505/10 के निकट एक ट्रैक्टर-ट्राली से कबाड़ के रूप में लाये जा रहे बैट्री व प्लास्टिक बरामद किया। मौके से दो कैरियर्स को हिरासत में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एसएसबी की टीम ने गश्त के दौरान नेपाल सीमा की ओर से भारतीय क्षेत्र में आ रही एक संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्राली को रोक कर जांच किया। जांच में ट्रैक्टर-ट्राली पर 4 टन स्क्रैप बैटरी व 6 कुंतल प्लास्टिक का कबाड़ बरामद किया गया। मौके से पकड़े गये दो लोगों ने एसएसबी की पूछताछ में अपने नाम विजय निवासी चटिया व बिरजू निवासी कड़जा थाना कोतवाली ठूठीबारी बताया।

# दो अलग-अलग स्थानों से पकड़ी गई 48 बोटा सागौन

निचलौल | **हिन्दुस्तान संवाद**

## कार्रवाई

- वन सुरक्षा टीम व निचलौल तथा मधवलिया रेंज के वनकर्मियों ने सूचना पर की छापेमारी
- वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत छापेमारी की गई दोनों मामलों में हुई कार्रवाई

निचलौल व मधवलिया रेंज के दो अलग-अलग स्थानों से रविवार को वन सुरक्षा टीम व वनकर्मियों ने 48 बोटा सागौन की लकड़ी पकड़ी है। दोनों मामलों में लकड़ी को सीज कर वन विभाग द्वारा वृक्ष संरक्षण अधिनियम में कार्रवाई की जा रही है।

वन सुरक्षा टीम के प्रभारी कासिम अली को सूचना मिली कि निचलौल कस्बे के कृष्णानगर मोहल्ले में सागौन की लकड़ी छिपाकर रखी गई है। वन सुरक्षा टीम प्रभारी ने अपने सहयोगी शिवेन्द्र जौहरी व राकेश यादव और वन दारोगा दिनेश नाथ त्रिपाठी व विजय बहादुर को साथ लेकर छापेमारी की। इस दौरान 18 बोटा सागौन की लकड़ी पकड़ी गई। लकड़ी को चोरी छिपे चिरवाने की योजना थी। रेंजर जगरनाथ प्रसाद ने बताया कि पकड़ी गई लकड़ी रंजीत निवासी ग्राम खोन्हौली की है। वह ग्रामीण क्षेत्र से बिना परमिट के पेड़ कटवाकर लकड़ी छिपाकर रखा था। इस मामले में रंजीत के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। दूसरी बरामदगी इसी दिन वन सुरक्षा टीम के प्रभारी कासिम साथ निचलौल रेंज के कोठीभार क्षेत्र के छितौनी पुल के पास देवियापुर से किया। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्रामीण क्षेत्र से बिना परमिट 30 बोटा सागौन की लकड़ी ग्राम खेसरारी से कटवाकर कुछ लोग कुशीनगर ले जाने की योजना में हैं। सूचना के मुताबिक टीम ने देवियापुर पहुंचकर एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी 30 बोटा सागौन की लकड़ी को पकड़ लिया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ईश्वर निवासी ग्राम मंगलछपरा थाना कोठीभार पकड़ा गया। वन कर्मियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी लकड़ी को सीज कर निचलौल रेंज परिसर ले आए और इस मामले में भी वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। रेंजर जगरनाथ प्रसाद ने बताया कि लकड़ी ग्रामीण क्षेत्र से काटी गई है। लकड़ी व ट्रैक्टर ट्रॉली

# सात बोटा साखू व एक साइकिल बरामद

**फरेंदा।** फरेंदा वन क्षेत्र के निरनाम पश्चिमी गांव के पास एक बागीचे में वन विभाग की टीम ने चार बोटा साखू की लकड़ी व एक साइकिल बरामद किया। इस दौरान तस्कर मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। वहीं साइकिल के टायर का निशान देखते हुए विभागीय टीम जंगल में पहुंची। यहां तीन बोटा साखू की लकड़ी बरामद हुई। इस मामले में विभागीय टीम ने वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। टीम में प्रशिक्षु एसडीओ प्रदीप वर्मा, रेंजर विजय कुमार श्रीवास्तव, वन रक्षक शमसाद अली, दिलीप कुमार, हिमांशु व सुरेन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# अपराध की रोकथाम के लिए महिला पुलिसकर्मी प्रशिक्षित

## ट्रेनिंग

**नौतनवा | हिन्दुस्तान संवाद**

नौतनवा थाना परिसर मे रविवार को पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के तरफ से पुलिस कर्मियों की काउंसलिंग एवं कानूनी प्रक्रिया बिंदफ पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सेवा समिति द्वारा प्रोजेक्टर लगाकर महिला पुलिस कर्मियों को इस बात की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल अपराध को कैसे पहचानाने और अपराधों पर रोक लगाने के टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में मौजूद नौतनवा सर्किल के सभी थानों की महिला पुलिसकर्मी शामिल हुईं।

महिला पुलिस कर्मियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बाल अपराध एवं महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बारे में जानकारी तो दी ही गई। उन्हें कैसे रोका जाए इसके लिए समस्त महिला पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित भी किया गया। समिति के सदस्य रेलवे चाइल्ड लाइन गोरखपुर के समन्वयक मैथ्यू एवं काउंसलर शालिनी श्रीवास्तव ने हर बिंदु पर जागरूक किया, ताकि बच्चे या महिलाओं को अपराध के दलदल में जाने से बचाया जा सके। इस दौरान मुख्य रूप से प्रोजेक्ट सह निदेशक मैथ्यूज, इंटरवेशन ऑफिसर श्रवण कुमार, कृष्ण कुमार, सुनील, अंकित, पुष्पा, निजामुद्दीन, अंशु, रेनू मिश्रा, रोजी दुबे, कल्पना द्विवेदी, गरिमा सिंह आदि मौजूद थे।

# सीओ ने बीट सिस्टम के तहत सौंपी जिम्मेदारी

टूठीबारी | **हिन्दुस्तान संवाद**

एडीजी गोरखपुर के निर्देश पर सीओ निचलौल ने रविवार को ठूठीबारी कोतवाली में बीट पुलिस ऑफिसर की कार्य प्रणाली व बीट सिस्टम की समीक्षा की। समीक्षा के बाद कोतवाली क्षेत्र में 46 पुरुष व 5 महिला कास्टेबलों को गांवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सीओ धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले बीट अधिकारी को पुरस्कृत किया जाएगा। आम जनता में पुलिस का भरोसा कायम रखने, कानून व शांति व्यवस्था बनाने और पुलिस व जनता के बीच बेहतर सम्बंध स्थापित करने के लिए बीट पुलिस सिस्टम लागू की गई है। जनता से अच्छा व्यवहार व उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के साथ उनके समस्याओं को सीधे आला अफसरों से अवगत कराएंगे।

## एक बीट में तीन गांव व मोहल्ले

कोतवाली क्षेत्र के तीन गांवों व मुहल्लों को मिलाकर एक बीट बनाया गया है। इसके प्रभारी आरक्षी होंगे। सिपाही को बीट में हर तरह के लोगों से संपर्क कर उनके हर गतिविधि पर पैनी नजर रखनी होगी। कोई भी घटना होने पर सिपाही से जवाब मांगा जाएगा। हर रविवार को एसपी बीट प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। कार्य में लापरवाही मिलने पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

# 234 वाहनों का काटा गया चालान, दो सीज

जिला मुख्यालय के सक्सेना तिराहे पर रविवार को यातायात प्रभारी जयनारायण यादव की टीम ने साप्ताहिक बंदी का पालन न कर बाहर निकलने वाले 35 वाहनों का चालान काटा, जबकि तीन लोगों से मास्क न पहनने के आरोप में तीन हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि पूरे जिले में साप्ताहिक बंदी का पालन कराने में कुल 234 वाहनों का चालान काटने के साथ दो बाइक को सीज करने की कार्रवाई की गई है।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** परसरामपुर पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि आईपीसी की धारा 363 व 366 से संबंधित इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया गया है। धरपकड़ करने वाली टीम में एसआई सुरेश कुमार व कांस्टेबल धीरज चौधरी शामिल रहे।

एसटीएफ व पुलिस ने रविवार को लखनऊ में की धरपकड़, मुख्य आरोपी 30 जून को पकड़ा गया था

# 50 हजार की इनामी कमलाबाई गिरफ्तार

**कार्रवाई**

बस्ती | निज संवाददाता

बस्ती जिले के चर्चित आश्रम कांड के मुख्य आरोपी मोस्ट वांडेट बाबा सच्चिदानंद उर्फ दयानंद की गिरफ्तारी के बाद कोतवाली पुलिस के हाथ एसटीएफ लखनऊ की मदद से एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। आरोपी बाबा की मुख्य शिष्या व पचास हजार की इनामिया कमलाबाई उर्फ प्रियंका श्रीवास्तव को लखनऊ में आगरा एक्सप्रेस-वे से रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम इनामिया कमलाबाई को लेकर रविवार की शाम बस्ती पहुंच गई।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी कमलाबाई उर्फ प्रियंका श्रीवास्तव निवासी आवास विकास कॉलोनी कटरा जिला बस्ती की कोतवाली में दर्ज गैंगरेप व रेप के दो मुकदमों में करीब तीन साल से तलाश थी। उस पर डीआईजी स्तर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लखनऊ में एसटीएफ की मदद से धरपकड़ में कोतवाल मनोज कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में चौकी प्रभारी बड़ेवन जनार्दन प्रसाद व महिला आरक्षी प्रियंका यादव की अहम भूमिका रही। संतकुटीर आश्रम डमरुआ बस्ती में छत्तीसगढ़ से लाई गई दो साध्वियों ने 19 दिसंबर 2018 को 376डी, 323, 506 आईपीसी के तहत सच्चिदानंद, कमलाबाई व अन्य के खिलाफ दर्ज किया था। इसके बाद 26 दिसंबर 2018 को एक और साध्वी की तहरीर पर आईपीसी की धारा 376, 342, 506, 34 व 120बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली पुलिस कमलाबाई उर्फ प्रियंका को बस्ती लाने के साथ ही कोर्ट में पेश करने की तैयारी में जुट गई है।

**बिहार में छिपकर रह रही थी शातिर कमलाबाई :** पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि कमलाबाई उर्फ प्रियंका श्रीवास्तव बिहार के विभिन्न जिलों में स्थित आश्रमों में छिपकर रह रही थी। पहचान बदलने में माहिर कमलाबाई आश्रमकांड के मुख्य आरोपी सच्चिदानंद की खास शिष्या थी। छत्तीसगढ़ की पीड़िताओं ने भी इस पर कई संगीन आरोप लगाए थे। बाबा के सेवा-सत्कार के साथ ही तमाम तरह की जरूरतें भी यही पूरा करती थी। लेनदेन का हिसाब भी इसी के पास रहता था। इससे पहले 30 जून को 50 हजार के इनामिया बाबा सच्चिदानंद उर्फ दयानंद को मुरादाबाद से बुधवार की शाम एसटीएफ लखनऊ की मदद से कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था। पुलिस के अनुसार सच्चिदानन्द उर्फ दयानन्द उर्फ भगतानन्द उर्फ प्रशान्त कुमार उर्फ सन्त कुमार निवासी मीठापुर गया गुमटी परमा जिला गया बिहार के खिलाफ कोतवाली व लालगंज में सात मुकदमे पंजीकृत हैं। इनमें कोतवाली में दर्ज गैंगरेप व रेप के दो मुकदमों में कमलाबाई भी आरोपी थी और उस पर पचास हजार का इनाम रखा गया था।



इनामिया कमलाबाई उर्फ प्रियंका श्रीवास्तव।

**आश्रम काण्ड**

- सच्चिदानंद की मुख्य शिष्या के तौर पर कमलाबाई का नाम आया था सामने
- कोतवाली में गैंगरेप व रेप के मुकदमों में नामजद थी, बस्ती लेकर पहुंची पुलिस

## सत्संग के बहाने करते थे शोषण

पुलिस के अनुसार कमलाबाई पर यह आरोप लगा था कि आश्रम में सत्संग व प्रवचन के नाम पर महिलाओं व किशोरियों को बुलाया जाता था। अनुष्ठान के जरिए विशेष कृपा दिलाने का झांसा देते रहे। अपने जाल में फंसाने के बाद महिलाओं को देश के विभिन्न राज्यों में स्थित आश्रम में भेजकर उनका शारीरिक शोषण किया जाता था। मामले की एक अन्य आरोपी प्रमिलाबाई की तलाश जारी है।

# आश्रम कांड : कमलाबाई गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** संतकुटीर आश्रम कांड की एक और आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आश्रम के महंत बाबा सच्चिदानंद की मुख्य शिष्या व 50 हजार की इनामिया कमलाबाई उर्फ प्रियंका श्रीवास्तव को लखनऊ में आगरा एक्सप्रेस-वे से रविवार को सुबह एसटीएफ लखनऊ व कोतवाली पुलिस के संयुक्त आपरेशन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम इनामिया कमलाबाई को लेकर रविवार की शाम बस्ती पहुंची। कोतवाली थाने में वह गैंगरेप व रेप के मुकदमों में नामजद है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित कमलाबाई उर्फ प्रियंका श्रीवास्तव निवासी आवास विकास कालोनी कटरा, बस्ती की कोतवाली में दर्ज गैंगरेप व दुष्कर्म के दो मुकदमों में तलाश थी। उस पर आइजी स्तर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लखनऊ में एसटीएफ की मदद से उसे पकड़ लिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में कमला बाई • सौ.पुलिस विभाग

## कार्रवाई

- 50 हजार की इनामी कमलाबाई रेप के तीन मामले में है नामजद
- एसटीएफ व कोतवाली पुलिस के संयुक्त आपरेशन में हुई गिरफ्तारी

बस्ती के डमरूआ स्थित संतकुटीर आश्रम में छत्तीसगढ़ से लाई गई दो साध्वियों ने 19 दिसंबर 2018 को 376डी, 323, 506 आइपीसी के तहत सच्चिदानंद, कमलाबाई व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद 26 दिसंबर 2018 को एक और साध्वी की तहरीर पर आइपीसी की धारा 376, 342, 506, 34 व 120बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस तरह तीन मामलों में आरोपित महिला बाबा सच्चिदानंद के साथ नामजद की गई थी। बाबा सच्चिदानंद पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं और जेल में है। एसटीएफ के साथ गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी बड़ेवन जर्नादन प्रसाद व महिला आरक्षी प्रियंका यादव की अहम भूमिका रही।

# किशोरी के अपहृत का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती:** परशुरामपुर पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहृत करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपित राहुल को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया गया है।

# पति समेत तीन लोगों पर हत्या का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, भानपुर :** सोनहा थाना क्षेत्र के बसडिलिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि मृतका रिया के भाई की दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस फोरेंसिक रिपोर्ट के साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अध्ययन कर रही है।

सिद्धार्थनगर जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के नेवरी गांव निवासी प्रभुदयाल प्रजापति की 23 वर्षीय बेटी सनूपा उर्फ रिया की शादी सोनहा थाने के बसडिलिया गांव निवासी गंगाधर प्रजापति के साथ चार वर्ष पूर्व हुई थी। दोनों से एक तीन साल की बेटी रेनू व दो माह का बेटा अंकित हैं। गंगाधर मुंबई शहर के नासिक में रहकर कारोबार करता है। वह जुलाई के पहले पखवारे में अपने गांव से नासिक गया था।

मृतका के भाई रतन प्रजापति के अनुसार उनके बहनोई गंगाधर ने ही उसे बीस जुलाई मंगलवार की सुबह सात बजे फोन के जरिए बहन की मौत हो जाने की जानकारी दी।

# झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में मुकदमा

**जासं, बभनान:** पैकोलिया पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भवती होने पर उसे अपहृत करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

22 वर्षीय युवती की मां की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि परसरामपुर थाना क्षेत्र के रहना वाला अनूप यादव उसकी बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर उसे बहला फुसलाकर अपहृत कर लिया । जब इसकी शिकायत लेकर आरोपित युवक के घर गए तो उसके स्वजन जान से मारने की धमकी देने लगे। पैकोलिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित अनूप के खिलाफ दुष्कर्म व धमकाने के मामले में आरोपित चंद्रभान यादव, रामरतन, कमला व कौशिल्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# कथित बाबा की शिष्या लखनऊ में गिरफ्तार

## साढ़े तीन वर्ष से फरार कमला बाई पर था 50 हजार रुपये का इनाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** संत कुटीर आश्रम में युवतियों से यौन शोषण के आरोप में नामजद कथित बाबा सच्चिदानंद उर्फ दयानंद की शिष्या कमला बाई उर्फ प्रियंका श्रीवास्तव आखिरकार रविवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गई। उसे लखनऊ में गिरफ्तार किया गया।

करीब साढ़े तीन वर्ष पहले दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के दर्ज दो मुकदमों में पुलिस को इसकी तलाश थी। इस पर 50 हजार रुपये इनाम घोषित किया गया था। कोतवाल मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसटीएफ लखनऊ के सहयोग से उसे लखनऊ में एक्सप्रेसवे स्थित टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया गया। सोमवार को उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। कोतवाल ने बताया कि इस मामले में अभी बाबा की सहयोगी प्रमिला बाई नहीं मिली है। जल्द उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

20 दिसंबर 2017 को सच्चिदानंद उर्फ दयानंद और अन्य पर बंधक बनाकर गैंगरेप करने तथा अन्य गंभीर आरोपों में

### सत्संग के बहाने युवतियों का यौन शोषण और जुर्म में सहयोग करने के आरोप में दर्ज है केस

कोतवाली में केस दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश देकर थक गई, मगर वे नहीं मिले। आश्रम की कुर्की तक हो चुकी है। दिसंबर 2017 में यौन शोषण का मामला तब प्रकाश में आया था, जब आश्रम से झारखंड की रहने वाली कुछ युवतियों ने धक्के मारकर निकाल देने का आरोप लगाया। आश्रम की अन्य महिलाओं के साथ किसी तरह छिपते हुए ये महिलाएं उस समय एसपी दफ्तर में पहुंचीं। वहां मौजूद अधिकारियों को जब युवतियों ने आपबीती सुनाई तो वे दंग रह गए। तत्कालीन एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर देर रात कथित बाबा के अलावा उसके शिष्यों तथा दो मुख्य सेविकाओं पर पीड़िताओं से वर्ष 2008 से लगातार यौन शोषण व गैंगरेप तथा इस जुर्म में सहयोग करने के आरोप में केस दर्ज किया गया था। केस में कमला बाई उर्फ प्रियंका श्रीवास्तव का भी नाम शामिल है। इनमें महाराष्ट्र के नंदुवार इलाके के रहने वाले परमचेतनानंद और बस्ती की रहने वाली उर्मिला बाई को पुलिस ने पांच अगस्त 2018 को और मुख्य आरोपित सच्चिदानंद उर्फ दयानंद को बीते 30 जून को गिरफ्तार कर लिया था। एक आरोपित प्रमिला बाई अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

### यह था आरोप

पीड़ित महिलाओं का आरोप था कि सत्संग व प्रवचन के नाम पर महिलाओं और कम उम्र की लड़कियों को आश्रम में बुलाया जाता है। उनमें से पसंद की लड़कियों को साध्वी का दर्जा देकर आश्रम में रख लिया जाता था। उन्हें अनुष्ठान के जरिए विशेष कृपा दिलाने का दिलासा दिया जाता था। उनका विश्वास जीतने के बाद दिल्ली स्थित आश्रम के मुख्यालय अथवा यहां के कथित बाबा और चेलों के निर्देश पर उन्हें अलग-अलग शहरों में प्रवचन-सत्संग के बहाने भेजकर उनका यौन शोषण किया जाता था।

# दहेज उत्पीड़न में छह पर केस दर्ज

**बस्ती।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में छह आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है।

कप्तानगंज थाने के बड़ोखर निवासी मो. आरिफ की पत्नी सबिया खातून का आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग के लिए मारपीट कर उन्हें प्रताड़ित किया गया। जेवर आदि सामान भी रख लिया। महिला थाना पुलिस ने आरोपित पति मो. आरिफ, ससुर समसुद्दीन, चचेरे ससुर इरशाद समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# सिपाही भी निस्तारित करेंगे शिकायत

## गांवों में छोटी शिकायतें होंगी निस्तारित, लालगंज क्षेत्र के 34 बीट के सिपाहियों को दी गई जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महादेवा।** 'सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा' स्लोगन पुलिस की पहचान है। इसके लिए अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर की ओर से गांवों के लोगों तक बीट सिपाही की पहुंच बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत क्षेत्र में आपका गांव आपका मित्र प्रणाली लागू कर दी गई है। ग्रामीणों की छोटी शिकायतों को मौके पर ही बीट सिपाही निस्तारित करेगा।

इस पहल को लालगंज एसओ रोहित उपाध्याय ने थाना क्षेत्र की सभी 34 बीट पर लागू कर दी है। इस प्रणाली को आम जन तक पहुंचाने के लिए गांव-गांव होर्डिंग लगवाए जा रहे हैं, जिस पर बीट सिपाही का मोबाइल फोन नंबर लिखा होगा। थानाध्यक्ष लालगंज ने बताया कि ग्रामीण अपनी समस्या खुलकर अपने क्षेत्र के बीट सिपाही से कह सकें तथा सभी वर्ग के लोग बीट के सिपाही को अच्छी तरह से पहचान सकें, जिससे पारदर्शी निदान हो। ग्रामीणों को अपनी समस्या के समाधान के लिए माध्यम की आवश्यकता न पड़े, यही इस मिशन का लक्ष्य है। इसको सफल बनाने के लिए एसपी के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र में बैठक कर ग्रामीणों को इस विषय पर जागरूक किया जा रहा है, जिससे लोग पुलिस को अपना मित्र समझें। यही नहीं, व्हाट्सएप के जरिए बीट सिपाही ग्रामीणों का ग्रुप बनाकर उससे सभी को जोड़ देंगे। इस प्रणाली को शत प्रतिशत लागू करने के लिए खाका खींचा जा चुका है।

# गाली और धमकी देने के आरोप में चार पर केस

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के पिकौरा चौधरी गांव में फर्जी पौधरोपण होने की बात फेसबुक पर पोस्ट करने को लेकर उपजे विवाद में मोबाइल फोन पर गाली और धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक पक्ष के चार लोगों पर केस दर्ज किया है।

पैकोलिया थाना क्षेत्र पिकौरा चौधरी गांव निवासी उदय प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि जोकहा गांव निवासी राकेश पांडेय की ओर से फेसबुक पर फर्जी पौधरोपण करने की पोस्ट की गई थी। उसके बाद गांव के ही जुगल किशोर सिंह, रवि सिंह, छोटू सिंह, प्रमोद सिंह शनिवार को मोबाइल फोन से कॉल करके जान से मारने की धमकी दी। संवाद

# विधायक के घर आयकर टीम ने खंगाले अभिलेख

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। हर्रैया के विधायक अजय सिंह के पैतृक निवासी लजघटा में 22 जुलाई को आयकर टीम जांच पड़ताल के लिए पहुंची। विधायक के पैतृक आवास के अलावा लखनऊ और अन्य ठिकानों पर भी आयकर ने दबिश देकर अभिलेखों को खंगाला। तीन दिनों तक जांच के बाद रविवार को टीम ने जांच पूरी कर ली।



अजय सिंह
हर्रैया विधायक

जांच के बाद विधायक अजय सिंह मीडिया से ऑनलाइन मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि आयकर की टीम ने तीन दिनों तक अभिलेखों को खंगाला और मिलान के बाद क्लीन चिट दी। विधायक ने जारी वीडियो

## हर्रैया के विधायक बोले, केंद्र सरकार की आयकर टीम ने दी क्लीनचिट

में कहा है कि राजनीति उनका व्यवसाय नहीं है। वह सेवा के लिए इसे अपनाएं हैं, मगर उनके पास अन्य व्यवसाय है, जिससे परिवार की आजीविका जुड़ी है। केंद्र सरकार की आयकर टीम की कार्रवाई के लिए उन्होंने जायजा ठहराते हुए कहा कि बगैर सरकार के दबाव के यह संस्था देश में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि मेरे घर सहित कई ठिकानों पर टीम ने जांच-पड़ताल की। एक-एक अभिलेख खंगाले और जब सब कुछ सामान्य मिला तो टीम क्लीन चिट देकर लौट गई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसी भी संस्था पर कोई दबाव नहीं है। इसी लिए आयकर की टीम यहां जांच कर ली। अन्य सरकारों में ऐसा नहीं था।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021



[illegible], स्वास्थ्य मंत्री, बेसिक शिक्षा मंत्री, सभी विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# व्यापारियों को सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**शोहरतगढ़।** कस्बे के व्यापारी नीलू रुंगटा के प्रतिष्ठान में रविवार को बीट प्रभारी चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें नगर के व्यापारियों, दुकानदार व नागरिकों को पुलिस ने पूरी सुरक्षा देने का भरोसा दिलाया।

एसआई रविकान्त मणि त्रिपाठी ने कहा कि नगर में अशांति फैलाने वाले अराजकतत्वों के साथ पुलिस सख्ती से निपटने के लिए तैयार है। चौपाल आयोजन का मक़सद व्यपारियों की सुरक्षा को लेकर उनसे खुलकर बात करने व समस्याओं को निपटाना है। इस दौरान नीलू रूंगटा, राकेश वर्मा, अनिल सिंघानिया, जयप्रकाश पाण्डेय, सोनू उमर आदि उपस्थित रहे।




मुख्यमंत्री की सुरक्षा में मेडिकल कॉलेज गेट पर तैनात फोर्स।

# सीएम योगी के आगमन पर चौकस रही सुरक्षा

सिद्धार्थनगर | **निज संवाददाता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को जिले के दौरे पर थे। वह 30 जुलाई के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित आगमन की हो रही तैयारियों का जायजा लेने आए थे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा का पोख्ता इंतजाम किया गया था। हेलीपैड से लेकर उन सारे स्थानों पर भारी फोर्स तैनात रही जहां पर वह गए।

मुख्यमंत्री डेढ़ घंटे से कुछ ज्यादा समय तक जिले में रहे। पुलिस लाइंस में हेलीकाप्टर से उतरने के बाद मेडिकल कॉलेज पहुंचे और वहां पर अधिकारियों संग बैठक करने के बाद बीएसए ग्राउंड आए जहां पर प्रधानमंत्री के लिए मंच, हेलीपैउ बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के दौरे में किसी प्रकार का व्यवधान न होने पाए प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध कर रखे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा में तीन एडिशनल एसपी, 11 सीओ, 19 इंस्पेक्टर, 250 सब इंस्पेक्टर, 600 हेड/ कांस्टेबल व 100 सिविल वर्दी में पुलिस कर्मी तैनात रहे। एसपी यशवीर सिंह तो मुख्यमंत्री के साथ ही रहे पर अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत पुलिस लाइंस से लेकर हर उन स्थानों पर पहुंच कर मॉनीटरिंग करते रहे जहां-जहां सीएम को जाना था। वह तैनात फोर्स को अपने स्थान पर बने का निर्देश दे रहे थे।

## मुस्तैदी

- सभी दौरा स्थल पर तैनात रहे बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी
- सादी वर्दी में भी जगह-जगह तैनात रही फोर्स

**बंद रहा अशोक मार्ग पर आवागमन** : मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर 11 से 12:30 बजे तक अशोक मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नहीं थी। सांड़ी तिराहा से सीधे कलक्ट्रेट होकर ही वाहन आ-जा रहे थे। हाइडिल तिराहा से बांसी तिराहा होते हुए वाहन कलक्ट्रेट रोड पर आ रहे थे।

# कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड और मंच देखा, फिर चले गए सीएम

सिद्धार्थनगर | **निज संवाददाता**

पीएम मोदी का जिले में संभावित दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को तैयारियों का जायजा लेने जिले में आए। वह बीएसए कार्यालय के पास बन रहे पंडाल, हेलीपैड आदि का जायजा लिया।

सीएम 12: 27 बजे बीएसए ग्राउंड पहुंचे। कार से उतर कर सीधे निर्माणाधीन हेलीपैड को देखने चले गए। वहां से लौट कर सीधे बन रहे मंच पर चढ़ गए और फिर वापस हो लिए। मंच से उतर कर वह वापस चले गए। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी, सांसद जगदंबिका पाल, विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, चौधरी अमर सिंह, श्यामधनी राही, डीएम दीपक मीणा, एसपी यशवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव आदि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर बन रहे हेलीपैड का रविवार को निरीक्षण किया। हालांकि, पीएम का दौरा टल गया।

## मीडिया पुलिस के घेरे में, कार्यकर्ता रहे सीएम के ईद-गिर्द

बीएसए ग्राउंड जहां पर 30 जुलाई के प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी चल रही है वहां पर तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए थे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम कवर करने के लिए मौजूद पत्रकारों को पुलिस ने रस्सी का घेरा बना कर एक स्थान पर रोक दिया था। जबकि पार्टी के बड़े नेताओं के साथ कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री के ईदगिर्द मौजूद रहे।

# सील किए गए थे नेपाल आने-जाने वाले सभी रास्ते

जासं, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरा को लेकर एसएसबी व पुलिस के जवान अलर्ट मोड में रहे। रविवार को कपिलवस्तु थाना के बजहा सीमा चौकी से सटे सीमा के पास पैदल गश्त किया। नेपाल की ओर जाने वाले सभी पगडंडी को सील किया। स्थिति पर नजर बनाए रखा। सीमावर्ती गांवो में आने-जाने वालों की सघन जांच की गई।

# मुख्य मंच से तैयारियों का लिया जायजा

## जनप्रतिनिधियों व जिलाध्यक्ष से सीएम ने ली पार्टी की गतिविधियों की जानकारी



कार्यक्रम स्थल पर बने मंच का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन का कार्यक्रम भले स्थगित कर दिया गया हो, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार दोपहर करीब 12 बजे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में तैयार किये गए हेलीपैड देखने के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के लिए तैयार किए गए मुख्यमंच पर चढ़े। उन्होंने जिलाधिकारी दीपक मीणा को निर्देशित कि मुख्यमंच के अलावा अन्य मंच के लिए भी जगह निर्धारित कर ली जाए। ताकि जरूरत पड़ने पर मंच तैयार किया जा सके।

मुख्यमंत्री मेडिकल कालेज का निरीक्षण करने के बाद बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय स्थित ग्राउंड पर पहुंचे। वहां तैयार किये जा रहे हेलीपैड को देखा। जनप्रतिनिधियों व भाजपा जिलाध्यक्ष से बातचीत की। पार्टी की स्थिति पर चर्चा किया। हेलीपैड व ग्राउंड का निरीक्षण करने के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तैयार किए गए मुख्यमंच पर चढ़े। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि वह मुख्यमंच के अलावा अन्य मंच के लिए भी जगह निर्धारित कर लें। ताकि जरूरत पड़ने पर दूसरा मंच भी तैयार रहे। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, शिक्षामंत्री डा.सतीश द्विवेदी, सांसद जगदंबिका पाल, डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र सिंह, शोहरतगढ़ विधायक चौधरी अमर सिंह, सदर विधायक श्यामधनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव, सदर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने उठाया टोल टैक्स और बाढ़ का मुद्दा

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक में शोहरतगढ़ के विधायक चौधरी अमर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने टोल टैक्स और बाढ़ का मुद्दा उठाया। कहा कि हाईवे 730 अभी अधूरा है, फिर भी गोल्हौरा के पास टोल टैक्स लिया जा रहा है। जनपद के लोगों को छूट भी नहीं दी जा रही है। इससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है और सरकार की छवि धूमिल हो रही है। मुख्यमंत्री ने इसपर जांच कराने का आश्वासन दिया है। इस बारे में विधायक ने सीएम को पत्र भी सौंपा।

विधायक ने कहा कि सिर्फ बढ़नी से शोहरतगढ़ के आगे गौहनियां कटयां तक सड़क निर्माण हुआ है। शेष मुख्यालय तक की सड़क अभी भी पुरानी है। इस पर भी टोल टैक्स देना पड़ रहा है। विधायक ने अपने विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी को अपग्रेड करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया बनाने की मांग की है। कहा कि सीएचसी बनने पर 1.60 लाख की आबादी को चिकित्सीय, टीकाकरण एवं परिवार कल्याण की सुविधाएं मिलेगी। सीमा से सटे होने के कारण नेपाल के भी मरीज भी यहां इलाज कराने के लिए आते हैं। इस अस्पताल का भवन व आवास जर्जर हो गया है। बूढ़ी राप्ती, पहाड़ी नाला घोराही व चरिगहवा में हो रहे कटान को गावों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से ठोकर का निर्माण कार्य अतिआवश्यक है।



मुख्यमंत्री को जानकारी देते सांसद जगदंबिका पाल व विधायक चौधरी अमर सिंह • जागरण



## सीएम की पैनी नजर...

रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिद्धार्थनगर पहुंचे। जनसभा स्थल बीएसए मैदान पर चल रही तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस बीच उन्हें निर्माणाधीन मुख्य मंच में कुछ खामी नजर आ गई। उनकी पैनी नजर का समर्थन सांसद जगदम्बिका पाल ने किया तो डीएम दीपक मीणा और आईजी अनिल कुमार राय ने भी चिन्हित स्थल को तुरंत दुरुस्त कराने का भरोसा दिलाया • फिरोज

# सीएम के आगमन पर सख्त रही सुरक्षा व्यवस्था

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवागमन के दौरान उनकी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। बिना जांच के किसी को मेडिकल कालेज के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। साड़ी से हाइडिल तिराहे तक आवागमन बंद कर दिया गया था। चप्पे- चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

### सख्ती

- साड़ी से हाइडिल तिराहे तक थी पुलिसकर्मियों की तैनाती
- सघन तलाशी के बाद मेडिकल कालेज में प्रवेश की थी अनुमति

पुलिस लाइन में हेलीकाप्टर से उतरने के बाद मुख्यमंत्री कार से मेडिकल कालेज पहुंचे और निरीक्षण के बाद पत्रकारों से वार्ता की। सुरक्षा में तीन अपर पुलिस अधीक्षक, 10 पुलिस उपाधीक्षक, 21 निरीक्षक, 125 उप-निरीक्षक, 215 मुख्य आरक्षी, 348 आरक्षी, 35 महिला आरक्षी पूरी तरह से मुस्तैद रहे। मेडिकल कालेज गेट पर सुरक्षा की कमान एसओ कपिलवस्तु महेश सिंह ने संभाल रखा था। पूर्व में अंदर जाने के लिए बने सूची से मिलान कर अंदर भेज रहे थे।



मेडिकल कॉलेज के मॉडल का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। *(संबंधित खबरें व फोटो पेज छह पर भी )* संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# पुलिस ने दो परिवारों के विवाद को कराया खत्म

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशन चलाये जा रहे साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) का आयोजन में परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता किया गया। जिसमें कुल 02 मामलें आये। दोनों मामलों में सुलह-समझौता करवाया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डां. शालिनी सिंह ने बताया श्रीमती अनीता पत्नी सनोज पुत्री बच्चू लाल निवासी ग्राम रौना थाना मेंहदावल व द्वितीय पक्ष सनोज पुत्र स्व. गयाराम निवासी बखिरा थाना बखिरा के मध्य करीब 05 वर्षो से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी खुशी रहने को तैयार हो गए। श्रीमती संगीता पत्नी कौशलानन्द निवासी महोबरा थाना महुली व द्वितीय पक्ष श्री कौशलानन्द चौधरी पुत्र रामउग्रेश प्रसाद चौधरी निवासी ग्राम व पोस्ट महोबरा थाना महुली के मध्य करीब 2 वर्षो से रिश्ता टूटने के कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी खुशी रहने को तैयार है। दोनो पक्ष मे सुलह-समझौता कराया गया।

# बेटी की तहरीर पर पांच पर हत्या का मुकदमा

बखिरा | हिन्दुस्तान संवाद

भाकियू के जिला उपाध्यक्ष बौरव्यास निवासी लक्ष्मण पाण्डेय की निर्मम हत्या के मामले में बखिरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उनकी बेटी की नामजद तहरीर पर गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ हत्या व एक साथ सहमति बनाकर घटना को अंजाम दिए जाने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद सहजनवां स्थिति मुक्ति धाम पर अन्तिम संस्कार सम्पन्न हुआ। बेटे अनुराग ने मुखाग्नि दी तो लोगों की आंखें भर आईं।

पुलिस को दी तहरीर में लक्ष्मण की बड़ी बेटी सत्या पाण्डेय ने बताया है कि शनिवार की देर शाम सड़क पर गांव के ही अजय राय, सोनू राय, जोखन राय, माले राय व सत्येन्द्र राय ने उसके पिता की हत्या कर दी। हत्या का कारण अभी भी अज्ञात बताया जा रहा है। मामले में पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है। शनिवार की देर शाम को लक्ष्मण क़ी निर्मम हत्या कर हमलावर फरार हो गया। देर रात गांव में एएसपी संतोष सिंह, सीओ समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। रात में ही यूनियन के कई नेता बखिरा थाना व बौरव्यास गांव पहुंच कर घटना की जानकारी लिए।

## शव गांव में ढूंढ़ती रही पुलिस

लक्ष्मण पाण्डेय का घर बौरव्यास गांव के अन्दर है। जबकि उनकी हत्या वहां से एक किमी दूर बखिरा सहजनवा मार्ग पर बौरव्यास चौराहे पर की गई। पुलिस अधूरी सूचना के आधार पर गांव में उनका शव ढूंढ़ती रही। स्थानीय चौराहे से किसी ने भी परिजनों को सूचना देना तक मुनासिब नहीं समझा। लोगो के अन्दर की इन्सानियत तक खत्म होती नजर आई। पुलिस भी समय से सूचना पाती तो हमलावर पकड़ मे आ सकता था। लगभग दो घंटे के बाद जिसकी सूचना उनके परिजनों को मिली।

# दो सगे भाइयों समेत पांच पर मारपीट व दलित उत्पीड़न का केस

नाथनगर | **हिन्दुस्तान संवाद**

महुली थाना क्षेत्र के उसरापार निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सगे भाइयों समेत पांच लोगों ने उसे मारे पीटने का आरोप लगाया है। उन्हें जाति सूचक गालियां भी दीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ एक राय होकर मारने पीटने, धमकी व एससीएसटी एक्ट धाराओ में मुकदमा दर्ज करके मामले की छानबीन जुट गई है।

उसरापार निवासी विष्णु पुत्र घोलर ने बताया कि गांव के आलोपी नाथ यादव पुरानी रंजिश को लेकर उससे खुन्नस रखता है। शनिवार को इसी बात को लेकर आलोपी नाथ यादव अपने सहयोगी को लेकर पहुंचा। भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। एतराज करने पर मारने के लिए दौड़ा लिया। पकड़ कर सहयोगियों के साथ लाठी डंडे से मारपीटकर घायल कर दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर प्रतिवादी आलोपी नाथ यादव पुत्र लालमन यादव, इंद्रभान यादव पुत्र राम हरख इंद्रेश यादव पुत्र राम हरख, रामेश्वर यादव पुत्र रविन्द्र यादव, दिलीप पुत्र नागेन्द्र के खिलाफ एक राय होकर मारने पीटने, गालियां देने के साथ जानमाल की धमकी तथा दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# फर्जी बिजली कर्मियों ने घर में की छापेमारी

संतकबीरनगर | **निज संवाददाता**

## धोखाधड़ी

- बिजली विभाग का विजिलेंस अधिकारी बनकर आए
- पांच की संख्या में थे लोग, विभाग वालों को पता नहीं

बिजली विभाग का विजिलेंस अधिकारी बनकर आए पांच लोगों ने शनिवार को एक घर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पूरे कमरे को तहस-नहस कर दिया। पुलिस के पहुचने से पहले ही वह सभी मौके से फरार हो गए।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र मणि नीतीश त्रिपाठी ने बताया कि वह इस समय जनपद से बाहर हैं। शनिवार को दोपहर बाद लगभग ढाई बजे पांच की संख्या में अज्ञात लोग चार पहिया वाहन से उनके महुली थाना अंतर्गत गजाधरपुर गांव स्थित मकान पर पहुंचे। उनकी माता ने उन सभी का परिचय पूछते हुए घर का दरवाजा खोल दिया। वह सभी बिना परिचय बताए उनके घर में घुस गए और ताबड़तोड़ घर में रखे सामानों को इधर-उधर फेंकने लगे। श्री त्रिपाठी ने बताया कि परिवार के लोगों ने फोन लगाकर अज्ञात लोगों में से किसी एक से उनसे बात कराई। तो उन लोगों ने खुद को बिजली विभाग के विजलेंस का



रविवार को छापेमारी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान।

अधिकारी बताया और बिजली बिल जमा ना होने की बात करते हुए घर में छापेमारी जारी रखा। उन सभी की बात पर शक हुआ तो थाने पर फोन कर इसकी जानकारी दी। बिजली विभाग के लाइनमैन और जेई से भी बात की। जिससे पता चला कि विभाग से कोई भी उनके घर नहीं गया है। उन्होनें मामले में निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए मांग की है।

# बेटी की तहरीर पर पांच आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

बखिरा : मृतक लक्ष्मण पाण्डेय की बेटी सत्या पाण्डेय की तहरीर पर बखिरा पुलिस ने बौरव्यास निवासी अजय राय, सोनू राय, जोखन राय, माले राय एवं सतेन्द्र राय के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इसमें से अधिकांश लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपितों की तलाश में बखिरा, धर्मसिंहवा, बेलहर, मेंहदावल, दुधारा थाने की पुलिस के अलावा स्वाट व क्राइम ब्रांच की टीम लगी हुई है।

# फूल देकर यातायात नियमों के प्रति चेताया

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रविवार को खलीलाबाद बाईपास में लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया। संभागीय परिवहन विभाग के कर्मियों ने गलत दिशा से आने-जाने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों के प्रति चेताया।

उप संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अन्नजेय सिंह ने कहा कि सड़क पर चलते समय सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों का पालन करें। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाएं। चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाना कभी न भूलें। गलत दिशा में कदापि न चले। गुलाब का फूल इसलिए दिया जा रहा है ताकि आप भविष्य में दोबारा यातायात संबंधित नियमों के संबंध में गलती न करें। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक विष्णु कुमार आदि मौजूद रहे।



खलीलाबाद बाईपास पर बाइक चालक को गुलाब फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह करते (मध्य में) एआरटीओ अन्नजेय सिंह • जागरण

# किशोरी को भगाने वाला आरोपित गिरफ्तार

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को भगाने वाले आरोपित को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी की मां ने दो दिन पूर्व बहला फुसलाकर भगाने की मुकामी थाने में शिकायत की थीं। सीओ अंबरीश भदौरिया ने बताया कि किशोरी को बरामद कर लिया गया है। उस्काकला गांव के निवासी आरोपित अमित पुत्र जनक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (जासं.)

# 52 वाहन स्वामियों से 39,500 की राजस्व वसूली

**संतकबीरनगर।** जनपद में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 52 वाहन स्वामियों से 39,500 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, धनघटा, महुली, दुधारा, बखिरा, धर्मसिंहवा, मेंहदावल, बेलहर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 52 वाहनों के कागजात में कमी और बिना हेलमेट के वाहन स्वामी मिले। इसके बाद 39,500 रुपये का जुर्माना लगाते हुए राजस्व वसूली की गई। एसपी ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं। संवाद

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# रैली निकालकर जागरूक किया

## यातायात माह

उमरीबेगमगंज | संवाददाता

यातायात माह के तहत रविवार को स्थानीय पुलिस व एनसीसी कैडेटों ने सुभाष इंटर कालेज से अट्ठाईसा चौराहे व हनुमतनगर तक रैली निकाली गई। पुलिस ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरुक किया गया।

रैली को थानाध्यक्ष करूणाकर पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों के पालन पर बल दिया। कहा कि यातायात नियम का पालन कर न सिर्फ हम दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में सहयोग भी कर सकते हैं।

उन्होंने युवाओं को सचेत करते हुए कहा कि जब भी बाइक चलाना हो तो हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। कहा कि बिना हेलमेट के जहां वाहन चलाना नियम विरुद्ध है वहीं दुर्भाग्यवश दुर्घटना होने पर वह आपकी सुरक्षा भी करता है। इसके अलावा रफ्तार पर अंकुश तथा तीन लोगों को बैठाकर बाइक न चलाने पर जोर दिया।। इस दौरान एनसीसी कैडेटों व पुलिस ने जगह-जगह रुककर लोगों को यातायात नियमों से अवगत कराते सावधानी बरतने का आह्वान किया। रैली में सुभाष इंटर कालेज के लिपिक आनन्द सिंह, शिक्षक राजेश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, एसआई चंद्रभूषण पांडेय, अंकुर वर्मा, दिनेश यादव, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# रविवार को चौथी बार हुई कोटे की बैठक

**खोरहंसा।** कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत चेतपुर में कोटे के चयन के लिए रविवार को चौथी बार बैठक हुई। ग्राम प्रधान अशोक सिंह की अध्यक्षता में  बैठक हुई। कोटे की चयन प्रक्रिया के लिए हुई बैठक के पर्यवेक्षक रहे डीएन सिंह ने बताया कि सर्वसम्मति से मालती का चयन हुआ है। एडीओ पंचायत केके तिवारी, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, लखेश्वरी सिंह, बबलू सिंह, पंकज कुमार, गुड्डू सिंह रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए

**रुपईडीह।** कौड़िया थाने पर तैनात पुलिस अयोध्या प्रसाद प्रजापति के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए डीआईजी के निर्देश पर उन्हें सम्मानित किया गया है। थानाध्यक्ष चितवन  कुमार ने बताया कि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी पुलिसकर्मियों को समय-समय पर सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।  उप निरीक्षक राकेश सिंह, अखिलेश कुमार, हेड कांस्टेबल संतोष शर्मा, गजानन पाठक रहे।

# हेराफेरी के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा।** कोतवाली देहात पुलिस ने सरकारी अनाज की हेराफेरी करने के आरोप में आशीष कुमार व अरविन्द कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी संगम ट्रांसपोर्ट के ट्रक ड्राइवर थे जो सरकारी अनाज को गोदामों में ले जाते समय रास्ते में कुछ अनाज की हेरा-फेरी कर लिया करते थे। विपणन निरीक्षक बभनजोत जितेन्द्र प्रताप ने कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया था।

# सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

धानेपुर : प्रभारी थानाध्यक्ष सभाजीत सिंह की अगुवाई में अभियान चलाया गया। काली फिल्म लगाकर चल रहे वाहनों की जांच की गई। हूटर, मास्क व हेलमेट आदि की गहन चेकिंग की गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। (संसू)

# मास्क न लगाने वालों ने चुकाया 60 लाख जुर्माना

**जासं, महराजगंजः** कोरोना संक्रमण में मास्क न लगाने वालों पर पुलिस एक हजार रुपये का जुर्माना लगा रही है। इसके बावजूद लोग मास्क न लगाकर मनमानी पर उतारू हैं। यह हाल उस वक्त है जब जिला पुलिस ने 48253 लोगों से करीब 60 लाख रुपये जुर्माना वसूल चुकी है। लोगों की बढ़ती मनमानी औरकोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए पुलिस ने मास्क का अभियान फिर शुरू कर दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाने अर्थात उनकी ही जिंदगी बचाने के लिए पुलिस गुहार लगा रही है, लेकिन संक्रमण से बेफिक्र अपने जान को दाव पर लगा लोग बिना मास्क सुरक्षा के बाहर निकल रहे हैं, जो खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में पुलिसकर्मियों को पुनः मास्क चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अबतक जिले में मास्क न लगाने वाले कुल 48253 लोगों से 60 लाख 53 हजार रुपये का जुर्माना वसूल चुकी है।

## कार्रवाई

- कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर शुरू हुआ मास्क चेकिंग अभियान
- जिले में अबतक 48253 लोगों का कट चुका है मास्क न लगाने पर चालान

# अनाज की कालाबाजारी में दो लोग गिरफ्तार

संसू, गोंडा: सरकारी अनाज की कालाबाजारी में रविवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। आरोपित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश में छापेमारी करने का निर्देश दिया गया है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि विपणन निरीक्षक जितेंद्र प्रताप ने कोतवाली देहात में मुकदमा किया था। आरोप था कि संगम ट्रांसपोर्ट से भेजे जाने वाले राशन को रास्ते में हेराफेरी करके बेचा जा रहा है। इस मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने आरोपित धानेपुर के जोगीजोत गांव निवासी अरविंद कुमार व भवानीपुर के आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। कटरा बाजार पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ धर्मपुर गांव निवासी अरूण कुमार को गिरफ्तार किया है।

कर्नलगंज पुलिस ने काशीपुर डीहा गांव के राघवराम को गिरफ्तार किया है। इन पर एक व्यक्ति से मारपीट करने व अवैध तमंचा रखने के आरोप में जेल भिजवाने की धमकी देने का आरोप है। कोतवाली देहात पुलिस ने आनंदनगर के अजीत सिंह को पकड़ा है। इनके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई है।

# अनाज घोटाले में दोनों ट्रकों के चालक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

### विपणन अधिकारी बभनजोत ने दर्ज कराया था केस

**गोंडा।** भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से ब्लाक गोदामों को अनाज ले जाते समय रास्ते अनाज चोरी कर कालाबाजारी करने के मामले में पुलिस ने दोनों ट्रकों के चालकों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से तीन दिन पहले ब्लाक गोदाम को अनाज पहुंचाने के लिए ट्रकें रवाना हुई थीं। गोंडा-अयोध्या मार्ग पर दर्जीकुआं के पास दो ट्रकों से आठ बोरा अनाज चोरी करके कालाबाजारी कर ली गई। खाद्यान्न चोरी करके कालाबाजारी करने का खुलासा होने पर विपणन निरीक्षक बभनजोत जितेन्द्र प्रताप ने कोतवाली देहात में दर्ज कराई थी। जिसमें कहा कि मनकापुर तहसील के तीन ब्लाक गोदामो मनकापुर, छपिया व बभनजोत पर खाद्यान्न पहुंचाने के लिए संगम ट्रांसपोर्ट ठेकदोर नियुक्त हैं।

जांच के दौरान मनकापुर व छपिया ब्लाक गोदामों पर स्टाक का मिलान किया गया तो सही मिला। मगर बभनजोत ब्लाक गोदाम में छह ट्रकों में से चार ट्रकों का खाद्यान्न पूरा मिला है, लेकिन दो ट्रकों से प्राप्त खाद्यान की छह बोरी में 02.99 क्विंटल गेहूं व चावल कम मिला। कम मिले खाद्यान्न का स्टाक बुक के साथ ऑनलाइन अंकन कराया। ट्रकों से आ रहे खाद्यान्न में से रास्ते में 03-03 बोरी खाद्यान्न चोरी करके बेच लिया गया था। मामले में विपणन निरीक्षक ने ट्रक चालक आशीष निवासी भवानीपुर मुजेहना धानेपुर, ट्रक चालक अरविन्द कुमार निवासी जोगीजोत धानेपुर व संगम ट्रांसपोर्ट प्रयागराज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक आशीष व अरविंद को गिरफ्तार किया है।

## सर्वश्रेष्ठ बीट पुलिस अधिकारी बने विकास

**मनकापुर (गोंडा)।** मनकापुर कोतवाली के मुख्य आरक्षी विकास उपाध्याय को जून माह का सर्वश्रेष्ठ बीट पुलिस अधिकारी चुना गया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने मनकापुर के मुख्य आरक्षी विकास उपाध्याय को बीट में सक्रियता के चलते जून माह का सर्वश्रेष्ठ पुलिस अधिकारी चुना है। मालूम रहे कि अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही इलाके में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थानों में बीट व्यवस्था लागू की गई है। इसके लिए हर बीट के सिपाही को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें कहा गया था कि इलाके के



अपराधी प्रवृति के लोगों के साथ गलत काम करने वालों की सूची बीट सिपाही बनाएंगे। अपराधी जेल से बाहर आकर क्या कर रहे हैं? उन पर नजर रखने के साथ ही सभी तरह की जिम्मेदारी बीट सिपाही की होगी। प्रभारी निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह ने बधाई दी है। (संवाद)

## 20 लीटर शराब के साथ धरा गया युवक

**खरगूपुर (गोंडा)।** पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से ले जाए जा रहे 20 लीटर शराब बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि उपनिरीक्षक दिवाकर मिश्र आरक्षी के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर गोपाल बाग चौराहा के निकट ग्राम पिपरा चौबे निवासी विनय कुमार पुत्र दयाशंकर चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी के पास 20 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय के लिए रवाना किया गया। संवाद

# दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाएं व्यापारी

**खरगूपुर (गोंडा)।** व्यापारियों की समस्याओं को लेकर रविवार को थाना परिसर में बैठक हुई।

जनसेवा केंद्र, सर्राफा व्यवसायी, किराना, बर्तन, मेडिकल स्टोर, पेट्रोल पंप, ग्राहक सेवा केंद्र आदि संचालकों के साथ प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सोनकर ने बैठक कर कहा कि सर्राफा, जनसेवा केंद्र व ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अपनी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवा लें। जिससे दुकान पर होने वाले किसी घटना में संलिप्त लोगों की निशानदेही आसानी से की जा सके। सोने, चांदी आदि की खरीददारी करने से पहले बेचने वाले की आधार की प्रतिलिपि व उसकी वीडियो जरूर बना लें। जिससे कोई चोर, उच्चका चोरी का सामान बेचने पर आसानी से पकड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि क्सर ये शिकायत आती है कि ग्राहक सेवा केंद्र व जनसेवा केंद्र के संचालक अंगूठा लगवा कर पैसे नहीं देते हैं, जबकि पैसा ग्राहक के खाते से कट जाता है। ऐसे कार्य करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपनिरीक्षक प्रतीक पांडेय, अनंत कुमार सिंह, राम निवास प्रसाद, व्यवसायी विनोद सोनी, उमानाथ पांडेय मौजूद रहे। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# सात बोटा सागौन की लकड़ी के साथ एक बंदी

**ललिया।** सोहेलवा जंगल के बरहवां रेंज अंतर्गत शनिवार रात गनेशपुर बीट में सात बोटा जंगली सागौन की लकड़ी माफिया लाद कर लें जा रहे थे। वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से लकड़ी लदी वाहन को पकड़ कर सीज कर दिया गया है।

वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि टाटा 407 वाहन से जंगली सागौन लकड़ी सात बोटा लाद कर गनेशपुर बीट से लकड़ी माफिया चोरी करके ले जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने छापेमारी करके जंगली लकड़ी को बरामद करने में सफलता पाई है। कहा कि जंगल के अंदर अवैध कटान करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**उतरौला:** पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित पिता को आसाम रोड चौराहे से गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया आरोपित की पुत्री ने एक माह पूर्व पिता व एक अन्य के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपित को कोर्ट भेज दिया गया है।(संसू)

# सागौन की लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** बरहवा रेंज में जंगली सागौन की लकड़ी का कटान धड़ल्ले से जारी है। शनिवार की रात गनेशपुर बीट में वन विभाग व हरैया थाने की पुलिस ने जंगली सागौन की लकड़ी से लदे वाहन को पकड़ लिया। वन क्षेत्राधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि वाहन में सात बोटा जंगली सागौन की लकड़ी बरामद की गई है। वाहन को सीज कर दिया गया है। वाहन चालक शकील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वाहन पर बैठे पांच लोग भाग गए। संवाद

# 32 वाहन चालकों का हुआ चालान

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सड़कों पर बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले चालाकों का चालान किया गया है। एआरटीओ अरविंद यादव ने बताया कि तुलसीपुर, उतरौला, गोण्डा मार्ग व बहराइच मार्ग पर रविवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है। चेकिंग अभियान के दौरान 32 वाहन चालकों का चालान किया गया है। संवाद

# नौ व्यापारियों ने कराया दाल भंडारण का सत्यापन

## बाकी बचे 10 कारोबारियों को पोर्टल पर दाल स्टॉक की घोषणा करने का निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी



दाल के स्टॉक का सत्यापन करते डिप्टी आरएमओ नरेन्द्र कुमार तिवारी व अन्य।(संवाद)

**बलरामपुर।** दाल की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन की तरफ से जांच करने के वाली कमेटी का गठन किया गया है। जिले में अब तक 19 में सिर्फ 9 दाल व्यापारियों ने स्टॉक का सत्यापन कराया है। बाकी बचे 10 कारोबारियों को पोर्टल पर दाल स्टॉक की घोषणा करने और जांच कराने का निर्देश दिया गया है। हीलाहवाली बरतने पर संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

डीएम श्रुति ने बीते दिन बताया कि आम जनमानस को सही रेट पर दाल मुहैया कराने के लिए शासन स्तर से कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। शासन के निर्देश पर स्टॉक होल्डर की तरफ से दाल की स्टॉक की घोषणा व डीएम स्तर से गठित टीम की तरफ से सत्यापन व मूल्यांकन किया जा रहा है। कारोबारियों को पोर्टल पर पांच प्रकार की दालों के स्टॉक की साप्ताहिक घोषणा करने का निर्देश दिया गया है। जिले के तीनों तहसीलों में दाल स्टॉक होल्डर जैसे मिलर, ट्रेडर्स व इंपोर्टर की तरफ से घोषणा का सत्यापन व मूल्यांकन के लिए गठित कमेटी से साप्ताहिक अनुश्रवण कराना होगा।

सदर तहसील में एसडीएम अरुण कुमार गौड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय कमेटी में विपणन निरीक्षक सदर को संयोजक व क्षेत्रीय अधिकारी सदर को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इसी तरह से तुलसीपुर में एसडीएम विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी में पूर्ति निरीक्षक तुलसीपुर को सदस्य व विपणन निरीक्षक गैसड़ी को संयोजक के रूप में नामित किया गया है। उतरौला तहसील के एसडीएम डॉ. नागेंद्र नाथ यादव की अध्यक्षता वाली कमेटी में विपणन निरीक्षक उतरौला को संयोजक व पूर्ति निरीक्षक उतरौला के सदस्य के रूप में रखा गया है। डीएम के निर्देश पर डिप्टी आरएमओ नरेंद्र कुमार तिवारी ने शनिवार को 9 दाल के कारोबारियों के स्टॉक का मिलान किया।

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# गुण्डा एक्ट के तहत छह अपराधी जिला बदर

**बहराइच।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ दिनेश चन्द्र ने छह अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। डीएम ने बताया कि कादिल व अनवर, इसहाक व बाउर एवं भूरे उर्फ फिरोज तथा कमलाकान्त पाठक को छह माह के लिए जिला बदर किया है।

# नौ वाहनों का चालान किया गया

**बहराइच।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन प्रवर्तन) राजीव कुमार, यात्रीकर अधिकारी महेश कुमार वर्मा, सम्भागीय निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह की टीम ओर से प्रदूषण जांच केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 12 वाहनों में प्रदूषण जांच किया गया। जिसमें दो वाहन प्रदूषण मानक के अनुरूप सही नहीं पाए गए। जनपद के विभिन्न मार्गों पर प्रदूषण पर अंकुश को वाहनों की जांच की गई। जिसमें 30 वाहन बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के संचालन पाए गए। जिसमें से नौ वाहनों का चालान किया गया।

# जबरन निकाह मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया

बलहा | **संवाददाता**

एक घर में लोगों की गैर मौजूदगी में किशोरी का जबरन निकाह करा दिया गया था। जबकि किशोरी की दूसरी जगह शादी तय थी। परिजनों को जब घर आने पर इसकी भनक लगी, तो केस दर्ज कराए जाने को तहरीर दी गई। पुलिस ने तहकीकात के बाद जिस युवक से निकाह कराया गया था, उसके सहित दो पर केस दर्ज कर लिया है।

नानपारा कोतवाली के एक गांव निवासिनी एक किशोरी की शादी इसी कोतवाली के एक गांव निवासी युवक से बुधवार को होनी थी। 23 जुलाई को किशोरी घर में अकेली थी। शाम को जब परिजन लौटे तो पता चला कि गांव के ही एक युवक के परिवार वालों ने किशोरी का युवक के साथ जबरन निकाह करा दिया है। किशोरी ने परिजनों को बताया कि उसका जबरन निकाह कराया गया है। वह किसी हालत में ऐसे निकाह के बाद युवक के साथ नहीं जाएगी। जबकि जबरन निकाह कराने वाले युवक के परिवार के लोगों से एतराज जताए जाने पर भी उन लोगों ने किशोरी को ले जाने की धमकी दी। उसी रात किशोरी की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी।

## चोरी के मामले में दर्ज कराया नामजद केस

**बलहा।** नानपारा कोतवाली के अशरफा गांव में गुलाम अली पुत्र रज्जब अली के घर में 22 जुलाई कि रात चोरी की वारदात हुई थी। उस रात घर में घुसकर चोर आठ हजार की नकदी व लाखों कीमत के सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए थे। पीड़ित ने शनिवार को इस मामले में दो लोगों को नामजद कर कोतवाली में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

## चहलवा में कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**बहराइच।** सुजौली एसएचओ ओम प्रकाश सिंह चौहान के निर्देश पर हेड कांस्टेबल सभाष यादव, अमरजीत यादव ने चहलवा के मजरे चमन चौराहे पर दबिश दी। यहां से इसी गांव निवासी गुलाब चंद्र को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्यवाई की गई है। केस दर्ज कर लिया गया है।

## किशोरी के अपहरण मामले में केस दर्ज हुआ

**बलहा।** एक किशोरी का आठ दिन पूर्व अपहरण कर लिया गया था। परिजनों ने शनिवार शाम तहरीर दी तो पुलिस ने अपहरण की धाराओं में एक को नामजद कर केस दर्ज कर लिया है। नानपारा कोतवाली के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की पुत्री का 18 जुलाई की रात अपहरण हो गया। शौच को मैदान गई पुत्री जब काफी रात गए घर नहीं पहुंची। जब उसका कोई पता नहीं लगा तो गांव से उसी दिन से लापता चल रहे युवक को नामजद कर थाने में शनिवार शाम तहरीर दी गई। कोतवाल ने बताया कि अपहत किशोरी व नामजद आरोपी की तलाश की जा रही है।

# मास्क न लगाने पर ई-चालान

**बहराइच :** यातायात पुलिस ने मास्क न लगाने पर दर्जनों यात्रियों को रोक कर उनका ई-चालान किया। यातायात प्रभारी अनिल तिवारी की अगुवाई में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो दर्जन लोगों का चालान कर जुर्माना वसूला गया। उधर पयागपुर में थानाध्यक्ष बृजानंद सिंह ने बताया कि चेकिंग अभियान चलाया गया। बिना मास्क के घूमने वालों को चेतावनी दी गई। (संसू)

**बिजली विभाग** 22,26,313 रुपये का राजस्व बढ़ा, 490 मुकदमे भी दर्ज किए गए

# खुला थाना तो शुरू हुई लाखों की राजस्व वसूली

**जागरण विशेष**

संतोष श्रीवास्तव ● बहराइच

पावर कारपोरेशन का थाना खुलने से बिजली चोरी पर अंकुश लगने के साथ ही राजस्व भी बढ़ा है। कनेक्शन की जांच और बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर अब तक सैकड़ों लोगों पर मुकदमा दर्ज हो चुका है। इसकी विवेचना बिजली थाने के प्रभारी करते हैं।

विद्युत थाना न होने पर पावर कारपोरेशन को चेकिंग के दौरान पुलिस बल न होने पर परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार उपभोक्ताओं व अधिकारियों के बीच नोकझोंक होती थी। जब से थाना खोला गया है। तब से विरोध कम हो रहा है। थाना इंचार्ज शैलेंद्र यादव ने बताया कि अब तक 17 लाख रुपये सम्मन शुल्क व 59313 रुपये राजस्व की वसूली की गई है।

विभाग को अब तक कुल 22 लाख 26 हजार 313 रुपये की आय हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ विभाग अभियान चला रहा है। 15 जुलाई 2020 से अब तक 490 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। अभियान से बिजली चोरी और लाइन लॉस पर अंकुश लगेगा।

**इन धाराओं में दर्ज होता है मुकदमा** : बिजली चोरी का अभियोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा, 135, 138, 139, 140, 141 व 150 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाता है। अगर इनमें आइपीसी की धारा जुड़ेगी तो संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



विधुत चोरी निरोधक थाना बहराइच ● जागरण

### ऐसे आते हैं ज्यादातर मामले

- बिना कनेक्शन कटिया डालकर बिजली चोरी
- बकाए पर कनेक्शन कटने के बाद फिर जोड़ना
- मीटर के पहले कट लगाकर बिजली की चोरी
- चोरी की बिजली से एसी, मोटर आदि चलाना
- घरेलू कनेक्शन पर व्यावसायिक इस्तेमाल करना



शैलेंद्र यादव, विद्युत थाना प्रभारी ● जागरण

पावर कारपोरेशन व विजिलेंस मिलकर बिजली चोरी पकड़ते हैं। इसके लिए विभाग का पोर्टल बना है। पोर्टल पर विभाग व विजिलेंस बिजली चोरी की पूरी डिटेल भरते हैं। इसमें बताना होता है कि कितने कनेक्शन चेक किए गए। कितनी जगह चोरी पकड़ी गई। दर्ज मुकदमे की संख्या व समन शुल्क वसूली का विवरण लोड किया जाता है। इसकी मानीटरिंग शासन स्तर से होती है। इससे बिजली चोरी का मामला छिपाया नहीं जा सकता।
–**मुकेश बाबू**, अधिशासी अभियंता

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 26-07-2021

# कार्रवाई: साढ़े आठ लाख की स्मैक के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

श्रावस्ती | संवाददाता

मल्हीपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस को साढ़े आठ लाख रुपये कीमत की स्मैक बरामद हुई जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। इसके साथ ही संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर ने सूचित किया कि एक संदिग्ध व्यक्ति स्मैक के साथ बनकटी गांव होते हुए जाने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और प्रभारी निरीक्षक टीम के साथ बरगदही गांव के बाहर स्थित कब्रिस्तान के पास पहुंच गए और नाकेबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक व्यक्ति वहां से जाता दिया। इस पर पुलिस ने उसे रोक लिया और उसकी तलाशी ली।

तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 65 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक को पुलिस ने जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जान मोहम्मद उर्फ भदे पुत्र हसन निवासी बनकटी महरूमुर्तिहा थाना मल्हीपुर के रूप में हुई। बरामद स्मैक की कीमत आठ लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। गरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ चौकी प्रभारी बदला इंद्रसेन सिंह, आरक्षी संतोष यादव, आरक्षी सूर्यप्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

# अवैध चाकू के साथ एक पकड़ा गया

**श्रावस्ती।** कानून व्यवस्था कायम रखने व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अपराधियों के विरुद्ध लगातार गिरफ्तारी अभियान चला रही है। अभियान के तहत शनिवार को थाना सिरसिया की पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने पंकज जायसवाल पुत्र बरातीलाल निवासी पुरखीपुर थाना गिलौला के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया। बरामद चाकू को जब्त करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस की ओर से आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया।

# 43 वाहनों का चालान किया गया

**श्रावस्ती।** शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी चेक पोस्टों पर वाहन चेकिंग की गई साथ ही यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजात चेक किए गये। वाहन चेकिंग के दौरान 119 वाहनों को चेक करते हुए वाहन चालकों के लाइसेंस वाहन के कागजात शीट बेल्ट व हेलमेट के साथ ही वाहन में सवार यात्रियों के मास्क को देखा गया।

# महाप्रबंधक ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया

## निर्देश

श्रावस्ती | **संवाददाता**

कटरा श्रावस्ती में निर्माणाधीन एयरपोर्ट का निरीक्षण एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक एपी गुप्ता एवं सहायक महाप्रबन्धक मुकेश सक्सेना ने शनिवार को आकस्मिक निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्माण कार्यो का जायजा लिया और गुणवत्तापूर्ण ढंग से मानक के अनुरूप अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था के प्रबन्धक पंकज चोपड़ा एवं बिजली विभाग के सहायक अभियंता निशान्त अग्रवाल को निर्देश दिया। महाप्रबन्धक एवं सहायक महाप्रबन्धक एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया ने पूरे एयरपोर्ट क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता में कहीं भी कमी मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सम्बन्धित अभियंताओं को निर्देश दिया कि वह अधूरे कार्यों को पूरे गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं तथा कार्यों के प्रगति की निरन्तर रिपोर्ट देते रहें। इसलिए संबंधित विभागीय अभियंता अपने दायित्वों का सही ढंग से अधूरे कार्य को तत्काल पूरा कराएं, जिससे एयरपोर्ट का संचालन शीघ्र हो सके।

जिलाधिकारी टीके शिबु के साथ महाप्रबन्धक एवं सहायक महाप्रबन्धक एयरपोर्ट निरीक्षण के दौरान पता चला कि एयरपोर्ट पर बैगेज स्कैनिंग मशीन, पैसेंजर ट्राली, एटीसी काउन्टर, चेकिंग काउन्टर, थ्री-सीटर चेयर आ गई है तथा पैसेंजर को देखने के लिए कलर टीवी भी आ गई है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी लग गये है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय, उपजिलाधिकारी आरपी चौधरी, परियोजना प्रबन्धक राजकीय निर्माण निगम पंकज चोपड़ा, सहायक अभियंता सरोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# साढ़े आठ लाख की स्मैक संग दबोचा गया तस्कर

**संसू, श्रावस्ती :** मल्हीपुर पुलिस ने साढ़े आठ लाख रुपये के स्मैक के साथ तस्कर को दबोच लिया। मुकदमा दर्ज कर आरोपित को जेल भेजा गया है।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि एएसपी बीसी दूबे व सीओ हौसिला प्रसाद के निर्देशन में मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ नेपाल सीमा की ओर गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग तस्करी का स्मैक लेकर बनकटी गांव के पास मौजूद हैं। थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। इस दौरान महरूमुर्तिहा के बनकटी निवासी जान मुहम्मद उर्फ भदे को उसके गांव से दबोच लिया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से 65 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 8.50 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शिव मंदिरों में कोविड नियमों संग आज उमड़ेगी आस्था



सिरसिया स्थित पांडवकालीन विभूतिनाथ शिव मंदिर ● जागरण

**संसू, सिरसिया( श्रावस्ती)** : देवाधिदेव महादेव की आराधना के लिए पवित्र माह सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ेगा। वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रकोप के चलते इस बार मंदिरों में कोविड प्रोटोकाल के साथ जलाभिषेक होगा। इसके लिए तैयारियां पूरी की गई हैं। मंदिर समिति की ओर से स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी दी गई है।

सिरसिया स्थित पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पड़ोसी राष्ट्र नेपाल समेत आसपास के जिलों के श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर में होने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति की ओर से तैयारियां पूरी की गई हैं। हिमालय की तलहटी में स्थित गुप्तकाशी के नाम से प्रसिद्ध विभूतिनाथ मंदिर शिव भक्तों की आस्था व विश्वास का केंद्र है। सावन माह में गंगा जल, बेलपत्र, धतूर, भांग, पुष्प, शहद, दूध समेत अन्य सामग्रियों के साथ भगवान शिव का अभिषेक कर श्रद्धालु मनवांछित फल के लिए कामना करते हैं।

आश्रम में मौजूद ज्ञानी महराज ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते इस बार मंदिर में प्रवेश के लिए मास्क की अनिवार्यता रखी गई है। जलाभिषेक के लिए लगने वाली कतार में कोविड प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए शारीरिक दूरी बनवाई जाएगी। पुलिस विभाग के सुरक्षाकर्मियों के साथ मंदिर के स्वयंसेवक भी व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए मुस्तैद रहेंगे। इसी प्रकार गिलौला के सदाशिव मंदिर, झारखंडी महादेव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भी जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु पहुंचेंगे।

# 105 शीशी नेपाली शराब

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुरखियापुर डिहवा निवासी पंकज कुमार जायसवाल को दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 105 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (संसू)

# 65 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने शनिवार रात गस्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर हुई गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने युवक के कब्जे से 65 ग्राम चरस बरामद किया। जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर दद्दन सिंह हमराहियों के साथ शनिवार रात गस्त पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि बनकटी गांव स्थित कब्रिस्तान के निकट एक युवक मौजूद है। जो मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है।

मुखबिर की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने वहां मौजूद युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 65 ग्राम स्मैक बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम महरू मुर्तिहा के मजरा बनकटी निवासी जान मोहम्मद उर्फ भदे के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध मल्हीपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।

इस बारे में अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दुबे बताते हैं कि मल्हीपुर पुलिस ने 65 ग्राम स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत करीब साढ़े आठ लाख रुपये है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया है।

## चाकू के साथ युवक दबोचा

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने शनिवार रात गश्त के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान गिलौला थाना क्षेत्र के पुरखीपुर डिहवा निवासी पंकज जायसवाल के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की है। (संवाद)